चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 262 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 मार्च 2025 गुरुवार

आज का मौसम
31 अधिकतम
22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

### मप्र विधानसभा का बजट सत्र: सौरभ शर्मा मामले पर मुखर हुई कांग्रेस

# कुंभकर्ण के वेश में विधायक, विपक्ष बोला सरकार को नींद से जगाने की कोशिश

**भोपाल, एजेंसी**

मप्र विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन आज परिसर में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने अजब प्रदर्शन कर सरकार पर निशाने साधे। महिदपुर से कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बोस कुंभकरण के गेटअप में विधानसभा पहुंचे।



उन्होंने सड़क पर लेटकर सरकार पर परिवहन घोटाले और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस के विधायकों ने बीन बजाकर कुंभकरण बने विधायक को उठाने की कोशिश की। बाद में जैन ने मीडिया से कहा- हमने सरकार को जगाने का काम किया है। युवाओं को रोजगार, किसानों के हित की बात की है। सरकार अहंकार में डूबी है। इसे जगाना बहुत जरूरी है। इधर पिछले दिनों भोपाल में कार से बरामद 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए कैश के मामले पर कांग्रेस ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया है, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चर्चा के दौरान परिवहन विभाग में घोटाले और सौरभ शर्मा की काली कमाई का मामला उठाया। हंगामे के बीच चर्चा में मंत्री ने कहा कि लोकायुक्त छापे की कार्रवाई के दौरान कोई डायरी जब्त नहीं हुई है। जब कोई डायरी जब्त नहीं हुई तो नाम कहां से आ जाएंगे।

इसके अलावा विधानसभ ामें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग, ऊर्जा, नगरीय विकास, राज्य विधान मंडल, लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, सामान्य प्रशासन, विमानन, गृह, पर्यावरण, जेल, वन, औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन, लोकसेवा प्रबंधन, खनिज साधन, विधि और विधायी कार्य, जनसंपर्क, प्रवासी भारतीय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नर्मदा घाटी और आनंद विभाग पर चर्चा होनी है। बजट पर लंबी चर्चा के चलते विभागवार चर्चा नहीं हो सकी थी। अब आज इन विभागों पर चर्चा की शुरूआत होगी।

### विधायक का प्रश्न बदलने का आरोप

विधायक मधु भगत सिंह ने विधानसभा सचिवालय पर अपना प्रश्न बदलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- मैंने 2017 से 2021 तक पूरे मप्र में स?क उन्नयन मंजूरी की जानकारी मांगी थी। जिसके बदले सिर्फ परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जानकारी दी गई। इसकी जांच होनी चाहिए। जिस अधिकारी ने प्रश्न बदल दिया उस पर कार्यवाही होनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा- विधानसभा सचिवालय को निर्देशित कर रहे हैं कि अधिकारी विधायक से मिलकर वस्तुस्थिति स्पष्ट करें।

### फोटो खिंचवाने के लिए प्रदर्शन: सारंग



कांग्रेस के विस परिसर में प्रदर्शन पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- विधानसभा में जनता की समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए। हम इसके लिए हमेशा तैयार हैं लेकिन कांग्रेस फोटो खिंचाने के लिए प्रदर्शन कर रही है। वह तथ्यों के साथ बात करे। सारंग बोले कि गुट और गिरोह में बंटे कांग्रेस नेता अपनी कुर्सी बचाने के लिए त्योहार मना रहे हैं। कांग्रेस द्वारा हिंदू त्योहार मनाना खुशी की बात है। केवल तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस ने पहले न होली मनाई और न ही दीपावली लेकिन अब गुटबाजी के कारण हर त्योहार मना रही है।

## टी शर्ट पर नारेबाजी, भड़के स्पीकर, विपक्ष को नसीहत



**नई दिल्ली।** आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के बजट सत्र के दौरान विपक्षी सदस्यों को नारे लिखी टी-शर्ट पहन कर न आने को कहा। विपक्षी सदस्यों को हिदायत देते हुए उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही भी कुछ देर के लिये स्थगित कर दी थी। दरअसल सदन की कार्यवाही शुरू होने पर बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा, 'सदन मर्यादा और गरिमा से चलता है। मैं कुछ दिनों से देख रहा हूं कि सदस्य सदन की गरिमा को भंग कर रहे हैं और सदन की नियम- प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं।' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा,'नियम संख्या 349 आपको पढ़ना चाहिए। इसमें सदन की प्रतिष्ठा बनाये रखने, आचरण आदि के बारे में लिखा हुआ है।' बिरला ने विपक्षी सदस्यों को कहा,'अगर आप टी-शर्ट पहन कर सदन में आएंगे, नारे लगाते आएंगे, नारे लिखकर आएंगे तो सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी बड़ा नेता हो, सदन की मर्यादा और परंपराओं का उल्लंघन करेगा तो लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते उसे बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है।' दरअसल डीएमके सांसद टी शिवा संसद में एक टी-शर्ट पहनकर पहुंचे, जिस पर लिखा था, 'निष्पक्ष परिसीमन, तमिलनाडु लड़ेगा, तमिलनाडु जीतेगा।

## टीम इंडिया पर बरसा धन, 58 करोड़ के रुपए के पुरस्कार



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली टीम के लिए नकद इनाम की घोषणा की है। बोर्ड की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, टीम इंडिया के लिए 58 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है। यह पैसा खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और चयन समिति के सदस्यों में बंटेंगा। कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में हाल में भारत ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया और लगातार चार जीत के साथ फाइनल जगह पक्की की। फाइनल में न्यूजीलैंड को मात दी थी।

## 13 महीने के बाद खुल रहा हाईवे बार्डर से बैरिकेडिंग हटाई गईं

### किसान नेता डल्लेवाल को हिरासत में लिया





**चंडीगढ़, एजेंसी**

आखिरकार पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर से हरियाणा पुलिस ने गुरुवार सुबह बैरिकेडिंग हटानी शुरू कर दी है। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए यह सीमेंट की बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस के मुताबिक आज शाम तक 13 महीने से बंद दिल्ली-जम्मू-अमृतसर हाईवे को ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा।

इससे पहले कल दोपहर हिरासत में लिए गए किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट स्थित रेस्ट हाउस में रखा गया है। पहले पुलिस उन्हें जालंधर सिटी स्थित अस्पताल ले गई थी। मगर, किसानों के इकट्ठा होने की संभावना के चलते उन्हें आज सुबह शिफ्ट कर दिया गया। इससे पहले बुधवार देर शाम को पंजाब पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया था। इस दौरान विरोध करने वाले करीब 200 किसानों को हिरासत में लिया गया। जिसके बाद पंजाब पुलिस ने बुलडोजर से किसानों के बनाए शेड तोड़ दिए।

कल दोपहर में केंद्र सरकार के साथ चंडीगढ़ में 7वीं बार वार्ता कर लौट रहे किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के जगजीत सिंह डल्लेवाल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। जिसके बाद भारी पुलिस फोर्स दोनों बॉर्डर पर पहुंची और उसे खाली कराया।


## चहल-धनश्री के तलाक पर फैसला आज होगा, दोनों चुप

**मुंबई, एजेंसी**

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक पर फैमिली कोर्ट आज अपना फैसला सुना रहा है। मुंबई हाईकोर्ट ने कल चहल की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैमिली कोर्ट को 20 मार्च को फैसला सुनाने के आदेश दिए थे। जस्टिस माधव जामदार की सिंगल बेंच ने कहा कि चहल 21 मार्च से उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें आईपीएल में हिस्सा लेना है। खबरों के मुताबिक, बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस केस में 6 महीने का कूलिंग ऑफ पीरियड भी माफ कर दिया है। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि पिछले ढाई साल से दोनों अलग रह रहे हैं और 4.75 करोड़ में सेटलमेंट भी हो चुकी है। दरअसल, चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है।




## ट्रंप ने यूक्रेन से पावर प्लांट्स का कंट्रोल मांगा, लंबी वार्ता



**वाशिंगटन, एजेंसी**

रूस व यूक्रेन जंग पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से अब एक घंटे तक बात की है। अमेरिका विदेश मंत्री और एनएसए ने बताया कि व्हाइट हाउस ने यूक्रेन के पावर प्लांट्स की सुरक्षा के लिए उनका कंट्रोल अमेरिका को देने का सुझाव दिया है। वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, मैंने जंग खत्म करने की दिशा में पहले कदम के तौर पर ऊर्जा और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला न करने का समर्थन किया। हम इसे लागू करने के लिए तैयार हैं। अपनी टीम को आंशिक सीजफायर लागू करने और अन्य तकनीकी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। यूक्रेन अमेरिका कॉ-ऑर्डिनेशन बनाए रखने के लिए सऊदी अरब में मिलने को तैयार हैं। ट्रम्प ने कहा था, हम सही रास्ते पर हैं। हमारी ज्यादातर बातचीत कल पुतिन से हुई बात के इर्द-गिर्द रही। जेलेंस्की ने बताया था कि रूस और यूक्रेन के बीच आज 175 कैदियों की अदला-बदली हुई है।





मेट्रो एंकर | साइबर फ्रॉड का अजब मामला सामने आया, दो गिरफ्तार

## दो माह डिजिटल अरेस्ट, महिला से 20 करोड़ ठगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आजकल रोज ही सामने आ रहे साइबर फ्रॉड के मामले में अब एक हैरान कर देने वाला केस आया है, जहां एक बुजुर्ग महिला को करीब 2 महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया और उनके बैंक अकाउंट से 20 करोड़ रुपये उड़ा लिए गए। इस दौरान महिला को डराया, धमकाया और बच्चों को गिरफ्तार करने की तक की धमकी तक दी गई।



पुलिस ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। खबरों के मुताबिक इस साइबर ठगी की शुरुआत एक अनजान नंबर की कॉल से हुई। कॉल करने वाले ने खुद का नाम संदीप राव बताया और कहा कि वह एक सीबीआई अफसर है, जबकि वह एक साइबर ठग था। इसके बाद उसने आरोप लगाए कि विक्टिम महिला के नाम और डॉक्यूमेंट का इस्तेमाल करके एक बैंक अकाउंट है, जिसका इस्तेमाल गैर कानूनी एक्टिविटी में किया है। उस बैंक खाते के जरिए मनी लाउड्रिंग और जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को रुपये भेजे हैं। पुलिस ने बताया कि उनके घर में काम करने वाली महिला ने बुजुर्ग महिला के स्वभाव में बदलाव देखा, तब काम करने वाली महिला ने बताया कि बुजुर्ग अपने रूम में रहती, कभी -कभी चिल्लाती और सिर्फ खाने के लिए रूम से बाहर आतीं थीं। ये जानकारी उन्होंने बुजुर्ग महिला की बेटी को दी।

बताया जाता है कि इस फर्जी सीबीआई ने महिला को बताया कि इस केस को स्पेशल इनवेस्टीगेशन टीम को सौंप दिया गया है और कंप्लेंट दर्ज हो चुकी है। व्हाट्स एप कॉल के दौरान को महिला को डराया गया कि उसके पास अरेस्ट वॉरेंट है। इसके आरोपी ने विक्टिम महिला को बताया कि वह अगर जांच में सहयोग नहीं करेंगी तो पुलिस उनके घर पर पहुंच जाएगी।

महिला को बताया कि डिजिटल इंडिया मूमेंट के तहत बिना पुलिस स्टेशन जाए ई-इनवेस्टीगेशन में मदद कर सकती हैं और अपना बयान दर्ज करा सकती हैं। इसके बाद विक्टिम महिला से जांच के नाम पर बैंक डिटेल्स और अन्य जरूरी डिटेल्स मांगी गई. इसके बाद महिला को डिजिटल अरेस्ट किया गया और रिश्तेदारों से बात ना करने की सलाह दी गई। इसके बाद विक्टिम ने अपने बिजनेस और फैमिली मेंबर्स की जानकारी दी। यह केस करीब 2 महीने तक चलता रहा। फर्जी अफसर और राजीव रंजन फेक नाम के शख्स महिला को 2-3 घंटे के दौरान कॉल करते और उनकी लोकेशन पूछते।

### ऐसे मांगे 20 करोड़ रुपए

इसके बाद विक्टिम महिला को बताया कि उनको अपने बैंक अकाउंट में मौजूद सभी रकम को कोर्ट के अकाउंट में ट्रांसफर करनी होगी। साइबर ठगों ने एक फर्जी वादा भी किया जांच पूरी होने के बाद उनके रुपये वापस कर दिए जाएंगे, हालांकि इसके बाद उनको कुछ वापस नहीं मिला. इसके बाद 4 मार्च को उन्होंने एफआईआर दर्ज कर कराई, जिसके बाद पुलिस ने 20-20 साल के दो लोगों को मीरा रोड से गिरफ्तार किया गया।

# राजधानी में जोरदार रंगपंचमी मनाकर निकाला भव्य जुलूस, आकर्षक झांकियों संग झूमे हुरियारे

## देर शाम तक मनाया गया जश्न पुराने शहर में रहा ज्यादा जोर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में रंगपंचमी की खूब धूमधाम से मनी। गली-गली, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में रंगों और गुलाल की बौछार हुई। हुरियारों के जुलूस निकले। सड़कों पर बेहिसाब लोग उमडे। आलम यह रहा कि शाम तक सडके रंग से नहाई रहीं। छोटे-बड़े सभी उम्र के लोग अबीर-गुलाल उड़ाते हुए, ढोल की थाप पर नाचते-गाते और एक-दूसरे को रंग लगाकर रंगपंचमी का आनंद लेते रहे। पुराने भोपाल से रंगपंचमी का भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

जुलूस के दौरान झांकियां भी नजर आई, जिनमें शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और ब्रज की होली की झलक देखने को मिली। साथ ही ढोल-ताशे, डीजे, दुल-दुल घोड़ी, ऊंट, घोड़े और फूल-गुलाल उड़ाने वाली मशीनों ने इस रंगों के उत्सव की रौनक को दोगुना कर दिया। इसके अलावा, सुभाष चौक, बरखेड़ी और शाहपुरा से भी गेर निकाली गई। बाग सेवनिया, संत नगर, भेल और कोलार क्षेत्र में भी रंगपंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी का मुख्य आयोजन चौक बाजार में हुआ, जहां भारी संख्या में लोग इस रंगोत्सव का आनंद लेने पहुंचे।

### टैकरों से बरसाया गया रंग-गुलाल

रंगपंचमी का जुलूस चौक से शुरू होकर घोड़ा नक्कास, कुंदन नमकीन, जुमेराती से होते हुए पीर गेट स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर पहुंचा। जहां हजारों की संख्या में शहर के लोग शामिल हुए। जुलूस के समापन के दौरान 6 टैंकरों से लोगों पर गुलाल बरसाया गया, जिससे पूरा वातावरण लाल, गुलाबी, पीला और हरे रंगों में रंग गया। इसके अलावा, जुलूस में कई आकर्षक झांकियां भी शामिल थीं।



### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी के घर होली

इधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बंगले पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ होली के गीत गाए। समारोह में डबरा विधायक सुरेश राजे ने फाग गीत सुनाया। वहीं पृथ्वीपुर विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने होली गीत गाया। पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी थिरकते नजर आए। रंगपंचमी पर सेवा संकल्प युवा संगठन ने कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर विशेष आयोजन किया। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी का जश्न भी रंगों के साथ मनाया गया।

### प्रशासन रहा मुस्तैद

रंगपंचमी पर बुधवार को सरकारी छुट्टी रही। सरकार ने लोकल हॉली-डे घोषित किया था। इसका फायदा 60 हजार से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारियों को मिला। दूसरी ओर, शराब दुकानें सील कर दी गई थी, जो शाम 5 बजे के बाद ही खुली। उल्लेखनीय है कि सरकार ने भोपाल के लिए कुल चार स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। इनमें 14 जनवरी मकर संक्रांति का अवकाश हो चुका है। अगले 3 अवकाश- 19 मार्च रंगपंचमी, 27 अगस्त गणेश चतुर्थी और 3 दिसंबर भोपाल गैस त्रासदी बरसी दिवस (केवल भोपाल शहर के लिए) को रहेंगे। रंगपंचमी पर जिले की सभी 87 शराब दुकानें और 90 रेस्टोरेंट बार बंद रखे गए हैं। जिला प्रशासन ने शाम तक ड्राई-डे घोषित किया था। आबकारी अमले ने मंगलवार रात साढ़े 11 बजे के बाद ही सभी शराब दुकानें और रेस्टोरेंट बार सील कर दिए। आबकारी की 4 टीमें जो सूचना मिलने पर कार्रवाई करने के लिए मौके पर पहुंची।



## संतनगर में खूब उड़ाया सड़कों पर रंग और गुलाल

### विहिप के साथ बजरंग दल ने रंगपंचमी पर निकाला जुलूस

**हिरदाराम नगर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल संत ,नगर द्वारा रंग पंचमी पर चल समारोह निकाला गया, जो संतनगर बस स्टैंड से प्रारंभ हुआ। आदर्श मार्ग से होते हुए, आरा मशीन रोड से कालिका मंदिर पर जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में डीजे पर बज रहे भजनों पर लोग रंग-गुलाल उड़ाकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। टैंकर से पानी का छिड़काव किया गया। सभी ने नृत्य करते हुए एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। चल समारोह में भोपाल विभाग सह धर्म प्रसार प्रमुख जीतू कटारिया, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुर्जर, प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोक भाऊ, प्रखंड संयोजक करण नागर, प्रखंड मंत्री युवराज मीना, करण राजोरिया, जिला के राजेश ठाकुर, जीतू हेमनानी, विक्रम मीणा, लखन विश्वकर्मा, रवि मराठा, देवी सिंह, भूपेंद्र भार्गव, जिला संयोजक गजेंद्र चौहान, जिला के दयाराम मेहर, गम्मु मेहरा, अमित मीना, रवि मेहर ,मिथुन यादव, धर्मेंद्र यादव, रोहित शर्मा, लोकेश यादव, सतीश यादव, संदीप पचोरी रोहित मल्होत्रा, संतनगर प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### फूलों की होली खेल, हरि चेतन आश्रम में सत्संग संपन्न



**हिरदाराम नगर।** हरि चेतन आश्रम कोलूखेड़ी में रंग पंचमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रम में रंग पर्व पर फूलों की होली की शुरूआत समाजसेवी चेतनदास पारदासानी ने की थी। उनके दिवंगत होने के बाद पारदासानी परिवार रंग पंचमी पर गीत संगीत और फूलों की होली आयोजित करता है, जिसमें संतनगर के धर्म गुरू, विचारक, समाजसेवी, व्यापारी और विशिष्ठजन हिस्सा लेते हैं। श्री चेतनदास पारदासानी द्वारा शुरू की गई परंपरा में बुधवार को संत-महात्माओं का सत्संग और कीर्तन के हुआ और फूलों संग होली खेली गई। कार्यक्रम राम कुमार पारदासानी, दौलत राम परादासानी, माधवदास पारदासानी, एवं पारदासानी परिवार ने किया। पर्व की बधाई देने टैंपल ऑफ संबोधि के वेदांत विचारक लाल साई, शिव महापुराण कथा वाचक मुकेशजी महाराज और नरेश पारदासानी ने पर्व की बधाई दी। कहा, अवसर गिले शिकवे भूल कर गले लगाने का है। इसके अलावा एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के चंद्र प्रकाश इसरानी, हीरो हिन्दू, पूज्य सिंधी पंचायत के नरेश तोलानी व महिला एवं पुरूष शामिल हुए। लोगों ने गीत संगीत का लुत्फ उठाया, वहीं भोज भी किया।

# आज से आरंभ होगा राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड

### विजेता विद्यार्थी मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगे सहभागिता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

#### 20 एवं 21 मार्च को भोपाल के प्रगत शैक्षिक संस्थान में आयोजित

स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक ओलंपियाड अंग्रेजी प्रतियोगिता 20 एवं 21 मार्च को भोपाल के प्रगत शैक्षिक संस्थान में आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता में जिला स्तर की अंग्रेजी ओलंपियाड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थी पूर्व में शाला स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर तक प्रतियोगिताओं के विजेता बनने के बाद यहाँ तक पहुंचे हैं।

अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के लगभग 14 लाख 60 हजार विद्यार्थी ने भाग लिया था। भोपाल में 20 एवं 21 मार्च को भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रत्येक जिले से कक्षा 2 ये 8 के 364 विजेता विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मप्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# मार्केट में सफल होने के लिए इनोवेशन जरूरी: जोसफ

### एसएचआईएम में कॅरियर स्ट्रेटेजी पर एचआर सेशन का आयोजन किया गया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



मैनेजमेंट स्टूडेंट्स में कॅरियर के लिए सही माइंडसेट होना बहुत जरूरी है। सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए अपने कार्य के लिए पैशन बनाए रखें। संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित स्पेशल सेशन सदरलैंड ग्लोबल सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनिल जोसफ ने कहा कि आज के कॉम्पिटिटिव मार्किट में सफल होने के लिए इनोवेशन का होना जरूरी है। सेल्फ डिसिप्लिन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में मैनेजमेंट की छात्राओं के लिए कई मौके हैं, जिनमें वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकती हैं। कॉर्पोरेट वर्ल्ड के प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस के बारे में उन्होंने बताया कि सही प्लानिंग से कॉम्पिटिटिव जॉब मार्किट में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न सेक्टर विशेषतः आई. टी. सर्विसेज में मैनेजमेंट छात्राओं के लिए अवसरों से अवगत कराया एवं कहा कि हमेशा सीखते रहना आवश्यक है। बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग सेक्टर में उन्होने विभिन्न मिथक एवं वास्तविकता को समझाया। हमेशा अपने आपको अपडेट रखने से निरंतर प्रगति मिलती है। उन्होंने प्रेजेंटेशन में कल्चरल सेंसिटिविटी का महत्त्व बताते हुए कहा कि कॉर्पोरेट वर्ल्ड में सेल्फ डिसिप्लिन का होना जरूरी है। छात्राओं को इंडिस्ट्री रेडी प्रोफेशनल बनाने के लिए उन्होंने अपने एक्सपीरियंस को साझा किया। सत्र के अंत में छात्राओं के द्वारा कई प्रश्न पूछे गए, जिसके उत्तर एक्सपर्ट के द्वारा दिए गए। इंडस्ट्री एवं एकेडेमिक्स के गैप को पूरा करने के लिए यह सेशन प्रभावी साबित हुआ। इस सत्र के आयोजन के लिए संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को बधाई दी।

**मेट्रो एंकर** — तकनीकी शिक्षा विभाग प्रवेश प्रक्रिया जुलाई तक शुरू कर

# नए सत्र की तैयारियां शुरू, 49 ब्रांच में बिना मैथ्स के भी प्रवेश मिल सकेगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आगामी सत्र 2025-26 में प्रवेश को लेकर तकनीकी शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जेईई मेन 2025 के जनवरी सत्र का रिजल्ट 11 फरवरी और जेईई मेन 2025 के पेपर 2 का रिजल्ट 23 फरवरी को घोषित हो चुके है। ऐसे में प्रवेश प्रक्रिया भी जुलाई तक शुरू हो सकती है। इसके लिए नियमावाली तैयार की जा रही है। विभागीय जानकारों के अनुसार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत इस साल छात्र-छात्राएं इंजीनियरिंग के 49 ब्रांच में बिना मैथ के भी प्रवेश ले सकेंगे। समय की डिमांड और स्कोप को देखते हुए इंजीनियरिंग के ड्रोन टेक्नोलॉजी सहित कुछ नए कोर्स भी शुरू होंगे। हालांकि केमिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, मेक्ट्रोनिक्स



इंजीनियरिंग, पेट्रो केमिकल इंजीनियरिंग (पीसीई) सहित अन्य ब्रांच में प्रवेश के लिए मैथ जरूरी होगा। एआईसीटीई द्वारा जारी की गाइडलाइन तीन साल के लिए जारी की गई है। इसलिए वर्तमान सत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### काउंसलिंग में फोटो वेबसाइट पर अपलोड करना होगा

इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश में किसी तरह का फर्जीवाड़ा नहीं हो इसके लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को कॉलेज में उपस्थित होकर 3डी में अपने फोटो क्लिक कराकर विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा, तभी उनके प्रवेश मान्य होंगे। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की अप्रूवल हैण्डबुक गत वर्ष जारी की गई थी, जो आगामी सत्र 2025-26 में भी लागू रहेगी।

### एनआईटीटीटीआर में प्राचार्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मैं से हम बनें तो संस्थान आगे बढ़ेंगे: प्रो. शुक्ला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



उच्च शिक्षा विभाग के प्रधानमंत्री उत्कृष्टता और स्वशासी महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिए राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संस्थान के प्रशासन और प्रबंधन के लिए शैक्षणिक नेतृत्व विकास विषय पर आयोजित कार्यक्रम के समापन अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के ओएसडी प्रो. धीरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि जिस संस्थान में आप कार्य करते है वह आपके लिए सर्वोपरि होना चाहिए। मैं से हम बने तो संस्थान आगे बढ़ेंगे। आप सभी कुशल प्रशासक के रूप में उदहारण प्रस्तुत करे। प्रो. संतोष भार्गव ने प्राचार्यों के प्रभावी नेतृत्व के गुणों को रेखांकित किया। प्रो. अजय अग्रवाल ने निटर भोपाल और उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षिक नेतृत्व को प्रभावी बनाने के लिए निरंतर सीखने और आत्ममूल्यांकन की आवश्यकता होती है। उक्त कार्यक्रम में प्रो. पी.के. पुरोहित, प्रो. बी.एल. गुप्ता थे, प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो. पराग दुबे, प्रो. आर. के दीक्षित वप्रो. आशीष देशपांडे उपस्थित थे।

### दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं: प्रो.सीसी त्रिपाठी

एनआईटीटीटीआर के निदेशक, प्रो.सीसी त्रिपाठी ने कहा कि यदि दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। प्राचार्यों का कर्तव्य है कि वे अपने महाविद्यालयों में एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां छात्र, शिक्षक और प्रशासन एक साथ मिलकर संस्थान के उद्देश्यों की ओर अग्रसर हो सकें।

# सीएम डॉ. यादव की सुरक्षा में चूक पर नप सकते हैं कई जिम्मेदार अफसर

## अब करीला धाम में लोहे की सीढ़ियां धंसने से असहज परिस्थिति बनीं

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सीएम डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में फिर चूक से जुड़ा एक मामला सामने आया है। सीएम कल अशोकनगर के करीला धाम में थे, यहां सीढ़ियों से उतरते सीढ़ियां धंस गई, जिसकी वजह से उनका संतुलन बिगड़ गया और वह लड़खड़ा गए लेकिन जल्द संभल गये।

यह पहला मौका नहीं है, पूर्व में भी कई बार उनकी सुरक्षा में चूक सामने आ चुकी है। असल में सीएम जिस सीढ़ी से उतर रहे थे, उसी समय कुछ मीडिया वालों से बात करने लगे। जब तक बातचीत हो रही थी, तब तक दूसरे मंत्री और नेता पीछे से आकर खड़े हो गए। इस वजह से दबाव बढ़ा और सीढ़ी धस गई।



उल्लेखनीय है कि 5 फरवरी 2025 को सीएम पालपुर कूनो नेशनल पार्क गए थे। यहां चीतों को रिलीज करने वाले पाइंट पर 2 फीट की रैलिंग के एक ओर सीएम थे तो दूसरी ओर खुला जंगल था, जहां चीते रिलीज करने करने थे। जब चीते रिलीज किए तो सीएम के कदम लड़खड़ा गए। इसकी वजह रैलिंग की ऊंचाई कम होना था। वहीं जब कूनो में पीएम मोदी चीते रिलीज करने आए थे तब रैलिंग की ऊंचाई करीब 7 फीट थी। तब भी जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।

### सीएम की सुरक्षा में पहले कब, कहां हो चुकी चूक?

— **अगस्त 2024** को खानूगांव चौराहे पर स्टेट हैंगर से आ रहे मुख्यमंत्री के लिए सूचना के बावजूद बल उपलब्ध नहीं कराया। नतीजा, काफिले को रोककर मार्ग क्लियर कराना पड़ा। चूक पर संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मी की वेतनवृद्धि रोकी।

– **जुलाई 2024** को इंदौर में रिकार्ड स्तर पर लगाए जाने वाले पौधों के कार्यक्रम को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने वाले दिन मुख्यमंत्री का काफिला कुछ समय के लिए भटक गया। इसी माह छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में दौरे के समय एक महिला काफिले के सामने आ गई।

– **नवंबर 2024** को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अव्यवस्था से एसपी कुमार प्रतीक को हटाया।

– **जनवरी 2025** को सिवनी में भूमि अधिकार पत्रक वितरण के कार्यक्रम में शामिल होने गए मुख्यमंत्री के काफिले के सामने एक दंपत्ति आ गया, जिसके कारण काफिला रूकवाना पड़ा।

## जल-जीवन मिशन के कामों में हुई गड़बड़ी पर अफसरों की क्लास ली

# मुख्यमंत्री की दो टूक गड्ढे भरें नहीं तो करेंगे कार्रवाई

**भोपाल।** जल जीवन मिशन के कामों में गड़बड़ी के कारण बाहर लोग परेशान है तो सरकार को विधानसभा के अंदर बार-बार सफाई देनी पड़ रही है। इस बीच सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार शाम हाउस में अफसरों की क्लास ली। दो टूक कहा कि गड्ढे तत्काल भर दो, नहीं तो कार्रवाई करेंगे। यह बात स्वास्थ्य यात्रिंकी विभाग के अफसरों के लिए कही। इसी विभाग ने यह बड़ा काम मप्र में कराया, जिसमें एक नहीं, बल्कि हजारों कमियां सामने आ चुकी है। यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता में था, जिसे अधिकारियों व ठेकेदारों ने मिलकर पलीता लगा दिया।

### अपात्र ठेकेदारों को काम, कलेक्टरों की धौंस पर हैंडओवर

उक्त काम में शुरू से लेकर अंत तक गड़बड़ी हुई। सबसे पहले तो अधिकारियों ने आनन-फानन में अपात्र हाथों में काम दे दिया। जिसकी वजह से काम ठीक नहीं हुए। नौसिखिए ठेकेदारों को सूझा नहीं और उन्होंने मनमर्जी से काम किए। गांवों में थर्ड पार्टी निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। जिसके कारण कुछ गांवों में लाइन बिछाई और कुछ में गड्ढे खोदकर ठेकेदारों ने रुपए हड़प लिए। इस काम में कई अफसरों ने साथ दिया। कई जिलों में तो अफसरों व ठेकेदारों ने कलेक्टरों की धौंस देकर पंचायत को अधूरे काम ही हैंडओवर कर दी। ग्रामीण इसके परिणाम भुगत रहे हैं। पीएचई मंत्री संपत्तिया उइके को विधानसभा सत्रों में गड़बड़ी को लेकर कई बार जवाब भी देने पड़े है।

## कर्मचारी चयन मंडल कर रहा तैयारी लिखित, शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी

# अगले माह 7000 आरक्षकों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया के आसार

**भोपाल।** प्रदेश में करीब 7000 आरक्षकों के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अगले माह से शुरू हो सकती है। कर्मचारी चयन मंडल (पीईबी) इसकी तैयारी कर रहा है। विज्ञापन जारी होने के बाद लिखित परीक्षा और फिर शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। दोनों परीक्षाओं के अंक जो?कर वर्ष के अंत तक परीक्षा परिणाम जारी करने की तैयारी है। बता दें, प्रदेश में 1 लाख 26 हजार स्वीकृत पदों में से लगभग 95 हजार आरक्षक ही पदस्थ हैं। जिस तरह से आबादी और अपराध बढ़े हैं, उसे देखते हुए कम से कम डेढ़ लाख पुलिस आरक्षकों की आवश्यकता है। जिला पुलिस बल के 960 थाने हैं। अपराध और आबादी बढ़ने के कारण थानों की संख्या भी बढ़ाई जानी है, लेकिन पुलिस बल कम होने के कारण नए थाने नहीं बनाए जा रहे हैं। छोटे थाने के लिए कम से कम 35 और बड़े थाने के लिए 60 से 70 पुलिसकर्मी चाहिए। आरक्षकों की भर्ती से नए थाने खोलना भी आसान हो जाएगा। उप निरीक्षकों के लगभग 500 पदों पर भी अगले माह भर्ती प्रारंभ कर इसी वर्ष परीक्षा परिणाम जारी करने की तैयारी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने गुरु के घर पहुंच कर लिया आशीर्वाद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन में गुरू (प्रोफेसर) श्री कैलाश चंद्र शील के निवास पहुंचकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मान भी किया।

प्रोफेसर श्री शील ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनके शिष्य मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, उनकी साधना सफल हुई है। आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिलकर उन्हें अत्यधिक हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है।



## संपादकीय

# कृषि उत्पादन के भरोसे कम हुई मुद्रास्फीति

अभी तो राहत की बात और आगे के लिये भी सुधरे हुए संकेत भी हैं कि लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने के बाद देश में खाद्य मुद्रास्फीति काफी नीचे आ गई है और यह बेहतर कृषि उत्पादन की बदौलत हुआ है। हालिया आंकडे बता रहे हैं कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति यानी खुदरा महंगाई की दर फरवरी में घटकर केवल 3.61 फीसदी रह गई है। पिछले साल जुलाई के बाद यह सबसे कम है। खाद्य मुद्रास्फीति दर भी कम होकर 3.75 फीसदी रह गई, जो मई 2023 के बाद सबसे कम है। खाद्य मुद्राफीति में पिछले साल अक्टूबर के बाद से ही गिरावट आ रही है। जब यह उछली थी तो समग्र मुद्रास्फीति दर भी कुछ समय तक ऊंची बनी रही और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए नीतिगत जटिलताएं पैदा हो गई थीं। 2024-25 में प्रमुख फसलों के उत्पादन के हाल में जारी दूसरे अग्रिम अनुमान उम्मीद जगाते हैं। खरीफ में पिछले साल से 7.9 फीसदी अधिक खाद्यान्न उत्पादन होने का अनुमान है और रबी की खाद्यान्न उपज में 6 फीसदी बढ़ोतरी की संभावना है। गेहूं, चावल और मक्के की फसल का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है। अन्य खाद्यान्नों का उत्पादन भी बढ़ा है। इसमें मोटे अनाज, तुअर और चना शामिल हैं। तिलहन उत्पादन खरीफ में 21 फीसदी और रबी में 2 फीसदी बढ़ने की संभावना है। फल और सब्जी उत्पादन के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। प्रथम अग्रिम अनुमान के मुताबिक 2024-25 में बागवानी फसल उत्पादन 36.21 करोड़ टन रह सकता है, जो 23-24 की तुलना में 2.07 फीसदी ज्यादा होगा। पिछले साल मॉनसून अच्छा रहने और फिर सर्दी सामान्य रहने के कारण इस साल उत्पादन में रिकॉर्ड इजाफा हो सकता है। सकल घरेलू उत्पाद के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक 24-25 में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 4.6 फीसदी वृद्धि हो सकती है। पिछले साल वृद्धि का आंकड़ा 2.7 फीसदी था। अग्रिम अनुमान पिछले दिनों राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किए। जाहिर है कि कृषि उत्पादन बढ़ेगा तो खाद्य मूल्य खुद ही नीचे आएंगे। रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 25-26 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.2 फीसदी रहेगी, जो चालू वित्त वर्ष में 4.8 फीसदी है। 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति की औसत दर 8.4 फीसदी रही जबकि औसत खुदरा मुद्रास्फीति दर 5.3 फीसदी थी। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति के कारण समग्र मुद्रास्फीति की दर केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से ऊपर रही और इससे परेशान परिवार मनचाही चीजों पर खर्च नहीं कर सके। इससे कुल खपत भी सुस्त हो गई। कम आय वाले परिवार अपनी मासिक आय का और भी बड़ा हिस्सा भोजन पर खर्च करते हैं। ऐसे में कृषि उत्पादन बढ़ने से कुल उत्पादन तथा मांग बढ़ेगी और वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी। खाद्य कीमतों में तेज गिरावट और कम मुख्य मुद्रास्फीति के कारण नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बनती है। मगर घटती महंगाई और बढ़ते खाद्य उत्पादन को देखकर नीति निर्माताओं को कृषि क्षेत्र में अरसे से पसरी चुनौतियों से नजर नहीं हटानी चाहिए। मौसम की अतिकारी घटनाओं तथा जलवायु परिवर्तन से समस्याएं और बढ़ सकती हैं। किसानों को मिलने वाली कीमत और उपभोक्ताओं द्वारा चुकाए जाने वाले मूल्य में भारी अंतर, भंडारण तथा गोदामों की कमी के कारण फसलों की बरबादी, खेत और मंडियों के बीच दूरी और खस्ताहाल सड़कें ऐसी रुकावटें हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है। इसीलिये भारत को कृषि आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। इसका फायदा यह होगा कि भविष्य में कीमतों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

**समर्थ और शक्तिशाली को ही जीने का अधिकार है। दुर्बलों का दैव भी घातक है।**
**- सुमित्रानन्दन पंत**

## आज का इतिहास

- 1602- यूनाइटेड ईस्ट इंडिया कंपनी ऑफ नीदरलैंड की स्थापना।
- 1739 - नादिरशाह ने दिल्ली सल्तनत पर कब्ज़ा किया।
- 1916- अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धांत का प्रकाशन।
- 1920 - लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली उड़ान शुरू हुई थी।
- 1956 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया था।
- 1956- ट्यूनीशिया को फ्रांस से स्वतंत्रता मिली।
- 1977 - तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।
- 1982 - फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1990 - अर्धरात्रि में नामीबिया की स्वतंत्रता की घोषणा, साउथ अफ्रीका के 75 साल के शासन से मिली आजादी।
- 1991 - बेगम ख़ालिदा जिया बांग्लादेश की राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1999 - प्रख्यात ब्रिटिश अमूर्त चित्रकार पैट्रिक हेरोन का निधन।
- 2002 - नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा 6 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे, जिम्बाब्वे राष्ट्रमंडल से निलम्बित।
- 2003 - इराक पर अमेरिकी हमला शुरू।
- 2006 - अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री ने दावा किया कि ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में है।
- 2009 - न्यायमूर्ति चन्द्रमौली कुमार प्रसाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश नियुक्त हुए।
- 2016- अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा क्यूबा पहुंचे।
- 1782 - कर्नल टॉड - अंग्रेज़ अधिकारी एवं इतिहासकार, जिसे राजस्थान के इतिहास का मार्ग सर्वप्रथम प्रशस्त करने का श्रेय दिया जाता है का जन्म।
- 1966 - अलका याग्निक - ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका हैं का जन्म।
- 1952 - आनंद अमृतराज- भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी का जन्म।
- 1973 - अर्जुन अटवाल - भारतीय पहले गोल्फ खिलाड़ी का जन्म।
- 1982 - निशा मिलेट - भारतीय की जानी-मानी तैराक हैं का जन्म।

## निशाना

### सेंकते हम रोटी !



-कृष्णेन्द्र राय

छोटी छोटी घटना पर ।
सेंकते हम रोटी ।।
करनी राजनीति है ।
बात नहीं ये छोटी ।।
कोशिश लगातार है ।
टूट न जाए क्रम ।।
रहना हमको ज़िंदा ।
ना इसमें हो भ्रम ।।
होंगे लाख जलील पर ।
ना लाना बदलाव ।।
जनता ने ठुकरा कर ।
दिया बराबर घाव ।।
मुद्दों की हम ख़ोज में ।
है लाना हर हाल ।।
भले लाख हम पर ।
उठते हों सवाल ।।

# ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ संबंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत पर प्रभाव

■ प्रहलाद सबनानी

अमेरिका में 20 जनवरी 2025 को नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ली गई शपथ के उपरांत ट्रम्प प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा। ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि ÷टिट फोर टेट÷ एवं ÷रेसिप्रोकल÷ आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुक्सान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवत- अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है।



और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराईल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है।

अमेरिका द्वारा चीन, कनाडा एवं मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ के बढ़ाने के पश्चात इन देशों द्वारा भी अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगा दिए जाने के उपरांत अब विभिन्न देशों के बीच व्यापार युद्ध एक सच्चाई बनता जा रहा है। परंतु, क्या इसका असर भारत के विदेशी व्यापार पर भी पड़ने जा रहा है अथवा क्या कुछ ऐसे क्षेत्र भी ढूढे जा सकते हैं जिनमें भारत लाभप्रद स्थिति में आ सकता है। जैसे, अपैरल (सिले हुए कपड़े) एवं नान अपैरल टेक्सटायल का मेक्सिको से अमेरिका को निर्यात प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहता है और मेक्सिको का अमेरिका को निर्यात के मामले में 8वां स्थान है। अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के बाद टेक्सटायल से सम्बंधित उत्पाद अमेरिका में महंगे होने लगेंगे अतः इन उत्पादों का आयात अब अन्य देशों से किया जाएगा। मेक्सिको अमेरिका को 250 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कॉटन अपैरल का निर्यात करता है एवं 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नान कॉटन अपैरल का निर्यात करता है। कॉटन अपैरल के आयात के लिए अब अमेरिकी व्यापारी भारत की ओर देखने लगे हैं एवं इस संदर्भ में भारत के निर्यातकों के पास पूछताछ की मात्रा में वृद्धि देखी जा रही है। इन परिस्थितियों के बीच, टेक्स्टायल उद्योग के साथ ही, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, इंजीयरिंग क्षेत्र एवं श्रम आधारित उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी भारत को लाभ हो सकता है।

यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे। उदाहरण के तौर पर फार्मा क्षेत्र में भारत से जेनेरिक्स दवाईयों का निर्यात भारी मात्रा में होता है। यदि अमेरिका भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाता है तो इससे अधिक नुक्सान तो अमेरिकी नागरिकों को ही होने जा रहा है। भारत से आयात की जा रही सस्ती दवाएं अमेरिका में बहुत महंगी हो जाएंगी। इससे अंततः अमेरिकी नागरिकों के बीच असंतोष फैल सकता है। अतः अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन के लिए टैरिफ को लम्बे समय तक बढ़ाते जाने की अपनी सीमाएं हैं।

अमेरिका विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र एवं सबसे बड़ा विकसित देश है और इस नाते अन्य देशों के प्रति अमेरिका की जवाबदारी भी है। टैरिफ बढ़ाए जाने के सम्बंध में इक तरफा कार्यवाही अमेरिका की अन्य देशों के साथ सौदेबाजी की क्षमता तो बढ़ा सकती है परंतु यह कूटनीति लम्बे समय तक काम नहीं आ सकती है। अमेरिकी नागरिकों के साथ साथ अन्य देशों में भी असंतोष फैलेगा। कोई भी व्यापारी नहीं चाहता कि नीतियों में अस्थिरता बनी रहे। इसका सीधा सीधा असर विश्व के समस्त स्टॉक मार्केट पर विपरीत रूप से पड़ता हुआ दिखाई भी दे रहा है। यदि यह स्टॉक मार्केट के अतिरिक्त अन्य बाजारों एवं नागरिकों के बीच में भी फैला तो मंदी की सम्भावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। अमेरिका के साथ साथ अन्य कई देश भी मंदी की चपेट में आए बिना नहीं रह पाएंगे। अर्थात, इस प्रकार की नीतियों से विश्व के कई देश विपरीत रूप में प्रभावित होंगे।

अमेरिका को भी टैरिफ के संदर्भ में इस बात पर एक बार पुनः विचार करना होगा कि विकसित देशों पर तो टैरिफ लगाया जा सकता है क्योंकि अमेरिका एवं इन विकसित देशों में परिस्थितियां लगभग समान है। परंतु विकासशील देशों जैसे भारत आदि में भिन्न परिस्थितियों के बीच तुलनात्मक रूप से अधिक परेशानियों का सामना करते हुए विनिर्माण क्षेत्र में कार्य हो रहा है, अतः विकसित देशों एवं विकासशील देशों को एक ही तराजू में कैसे तौला जा सकता है। विकासशील देशों ने तो अभी हाल ही में विकास की राह पर चलना शुरू किया है और इन देशों को अपने करोड़ों नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। इनके लिए विकसित देश बनने में अभी लम्बा समय लगना है। अतः विकसित देशों को इन देशों को विशेष दर्जा देकर इनकी आर्थिक मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। अमेरिका को विकसित देश बनने में 100 वर्ष से अधिक का समय लग गया है और फिर विकासशील देशों के साथ इनकी प्रतिस्पर्धा कैसे हो सकती है। विकासशील देशों को अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने का अधिकार है, अतः विकासशील देश तो टैरिफ लगा सकते हैं परंतु विकसित देशों को इस संदर्भ में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# बायोसिमिलर दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देना जरूरी

■ धनेन्द्र कुमार

भारत में करोड़ों लोगों को अपने घरेलू खर्च का बहुत बड़ा हिस्सा पारिवारिक बीमारियों के इलाज में खर्च करना पड़ता है, उनके बजट का कभी-कभी तो 50 से 70 प्रतिशत तक का हिस्सा अस्पतालों और दवाइयों के चक्कर में खर्च हो जाता है। इससे गरीब और औसत परिवारों पर बहुत बोझ पड़ता है और इसके लिए कभी-कभी तो लोगों को अपने घर या जमीन को बेचना पड़ता है या परिवार के गहने गिरवी रखने पड़ते हैं।कुल मिलाकर इसके कारण देश में 3 से 4 करोड़ लोग सालाना गरीबी रेखा के जाल में फंस जाते हैं। कई बार तो इन गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई और रहन-सहन आदि पर भी बहुत दुष्प्रभाव पड़ता है। बढ़ती बीमारियों में ज्यादा किफायती इलाज के लिए प्रभावी उपायों की जरूरत है। वैसे तो सरकार द्वारा अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं जिनमें आयुष्मान भारत आदि शामिल हैं, फिर भी गरीब और निचले औसत दर्जे के करोड़ों परिवारों को दवा और इलाज में होने वाले बढ़ते खर्च का डर हमेशा सताता रहता है। इस संबंध में बायोसिमिलर दवाएं बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होती हैं जो सुरक्षा और प्रभावशीलता में आम बायोलोजिक्स की दवाओं से कोई विशेषतः भिन्न नहीं होती और इसके जांच के लिए भी कड़े मानक बनाए हुए हैं।

यदि आम भाषा में कहा जाए, बायोलोजिक्स की दवाएं वही होती हैं जो बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बनाई जाती हैं और पेटेन्ट द्वारा सुरक्षित होती हैं। अक्सर इनकी कीमत काफी ज्यादा होती है, परन्तु एक बार पेटेन्ट समाप्त होने के बाद इन्हें उसी प्रकार की गुणवत्ता के अनुरूप बायोसिमिलर प्रणाली से बनाया जा सकता है।बायोसिमिलर दवाइयां तकरीबन वैसी ही होती हैं जैसी मूलतः बायोलोजिक दवाइयां, और उनका फायदा भी वैसा ही होता है, अलबत्ता उन्हें क्वालिफाइड डॉक्टरों की सलाह पर ही देना चाहिए।

इस समय देश में लगभग 100 बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन को स्वीकृति मिल चुकी है और हमारा देश दुनिया में बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन में अग्रणी है। एक अनुमान के अनुसार देश में



118 बायोलोजिक्स की ऐसी दवाएं हैं जिनका पेटेन्ट 2015 से 2034 के बीच समाप्त हो रहा है। लेकिन उनमें से केवल 10ः दवायें ऐसी हैं जिनका बायोसिमिलर प्रणाली में विकसित करने की योजना है। इस प्रकार कुल मिलाकर यह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसके अन्दर हमारे यहां बहुत तेजी से बायोसिमिलर दवायें बनाई जा सकती हैं। इन दवाओं की कीमत अनुमानतः बायोलोजिक्स की संबंधित दवाओं से लगभग 50 से 75 प्रतिशत तक कम हो सकती हैं जिससे आम आदमी के दवाओं के खर्च में काफी बचत हो सकती है।

यह बचत न सिर्फ भारत के आम लोगों के लिए लाभप्रद है बल्कि विश्व के अनेक देशो के लिए भी बहुत फायदेमंद है। भारत को दुनिया की फार्मेसी समझा जाता है जो इन देशों में अच्छी और सस्ती दवायें भेजने के लिए जाना जाता है। यह सिर्फ अफ्रीका, लेटिन अमेरिका आदि देशों के लिए ही नहीं बल्कि धनी देशों के लिए भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।2022 में अमेरिका में भारतीय दवाओं की कंपनियों द्वारा 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं के निर्यात से वहां के हेल्थकेयर में 219 बिलियन डॉलर की अनुमानित बचत हुई थी। आज इसी प्रकार की बचत इन देशों में किफायती बायोसिमिलर दवाओं के निर्यात से भी हो सकती है। बायोसिमिलर दवाइयां तकरीबन वैसी ही होती हैं जैसी मूलतः बायोलोजिक दवाइयां, और उनका फायदा भी वैसा ही होता है, अलबत्ता उन्हें क्वालिफाइड डॉक्टरों की सलाह पर ही देना चाहिए। इस समय देश में लगभग 100 बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन को स्वीकृति मिल चुकी है और हमारा देश दुनिया में बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन में अग्रणी है। 2022 में अमेरिका में भारतीय दवाओं की कंपनियों द्वारा 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं के निर्यात से वहां के हेल्थकेयर में 219 बिलियन डॉलर की अनुमानित बचत हुई थी। आज इसी प्रकार की बचत इन देशों में किफायती बायोसिमिलर दवाओं के निर्यात से भी हो सकती है। इस संबंध में एक समस्या यह है कि बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां जिनके पास दवाइयों के पेटेन्ट हैं, और जिनके आधार पर वे भारी मुनाफा कमाते हैं, उनका प्रयत्न होता है कि वें अपने पेटेन्ट को दवा के निर्माण में छोटी-मोटी तब्दीली करके रिन्यू करा लें, जिसे पेटेन्ट की एवरग्रीनिंग कहा जाता है। हमारी कोशिश यह रहती है कि पुराने पेटेन्ट को रिन्यू करने के लिए जब तक कोई नई दवा या उसमें कोई विशेष सुधार न हो, नए पेटेन्ट की अनुमति नहीं दी जाए। इसके फलस्वरूप कई बार इन कंपनियों द्वारा पेटेन्ट कानून के अर्न्तगत कानूनी दावपेंच भी आजमाये जाते हैं। इसके लिए यह भी जरूरी है कि इस बारे में पेटेन्ट के रिन्यूवल के मामलों में कड़ी दृष्टि रखी जाए। साथ ही देश के पेटेन्ट के कानून और ड्रग कन्ट्रोलर इत्यादि रेगूलेटरी संस्थाओं द्वारा नियमों की सख्त अनुपालना की जाए।

इस समय देश में बायोसिमिलर दवाओं के अधिक प्रचलन को बढ़ाने के लिए अस्पतालों में इलाज और जन औषधी के कार्यक्रमों, जैसे आयुष्मान भारत इत्यादि में अधिक प्रयोग की आवश्कता है। इसका एक लाभ जो यह होगा कि सरकार को इन कार्यक्रमों में मंहगी बायोलोजिक दवाओं के स्थान पर, उतनी ही प्रभावशाली परन्तु किफायती बायोसिमिलर दवाओं के ज्यादा प्रयोग से होने वाली बचत को जन-स्वास्थ्य के अन्य कार्यकलापों में लगाया जा सकता है। इसके अलावा इनकी बढ़ती हुई मांग के कारण देश में इनका निर्माण बढ़ाया जा सकता है जिसके फलस्वरूप इन दवाईयों की कीमत में और कमी होगी। कुल मिलाकर इन दवाओं को देश के सरकारी अस्पतालों और जन-स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रयोग के लिए अनुमति देने की जरूरत है, जिसके लिए इनकी जांच भी कड़ाई से की जानी चाहिए ताकि आम लोगों को इसपर विश्वास बना रहे। सरकार को इस प्रकार की बायोसिमिलर दवाओं के थोक में खरीदने के लिए भी कदम उठाने के लिए जरूरत है ताकि देश मे इनका उत्पादन बढ़ सके और इनका निर्यात भी हो सके।

देश की कानूनी प्रणाली जो पेटेन्ट और ड्रग कन्ट्रोल इत्यादि को देखती है को सुदृढ़ करने की जरूरत है। कम्पटीशन कमीशन द्वारा भी यह देखा जा सकता है कि कम्पटीशन कानून के अर्न्तगत बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा कम्पटीशन कानून की सख्ती से अनुपालना की जाये। यदि सारांश में कहा जाए, आज आवश्यकता है कि सरकार द्वारा उठाए गए अनेक प्रभावी कार्यक्रमों जैसे आयुष्मान भारत आदि के अतिरिक्त, इनके अर्न्तगत अस्पतालों में दवाइयों के खर्च में बचत के लिए बायोसिमिलर दवाओं का उत्पादन ओर प्रचलन बढ़ाया जाए ताकि इससे आम आदमी को इलाज के बढ़ते हुए खर्च में राहत मिल सके।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## वेदान्त आश्रम में होली महोत्सव



**गंजबासौदा।** स्थानीय जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामकमलाचार्य वेदान्तीजी महाराज की प्रेरणा से और महंत स्वामी हरिहर दास महाराज के सानिध्य में होली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे भजनों की धुन पर भक्तों ने नृत्य करते हुए फूलों की होली भगवान राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ खेली। महंत हरिहर दास ने सभी भक्तों को रंग गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। और कहा की होली का पावन पर्व हमे ऊंच नीच की भावना को भूल कर सामाजिक एकता और समरसता का संदेश पूरे विश्व को देता है। होली महोत्सव में वेदांत आश्रम ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों सहित विद्यालय के प्राचार्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# गौशाला में सहयोग करने वाले दानदाताओं का हुआ सम्मान

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

बर्रीघाट रोड़ स्थित दयोदय गौशाला मे रंगपंचमी के अवसर पर आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनिश्री विमलसागर महाराज मुनिश्री अनंत सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में दयोदय गौशाला में स्थित मानस्तंभ में विराजित जिनबिंबो का महामस्तकभिषेक पूजन एवम दानदाताओं का सम्मान एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित अपनी दिव्य देशना में मुनिश्री विमल सागर महाराज ने कहा कि जीवन के सारे दानपुण्य एक तरफ और किसी एक निराश्रित गौमाता को जीवन दान दे दो उसकी रक्षा कर लो उसका अंतिम समय अच्छे से व्यतीत हो जाए वो कत्लखाने जाने से बच सकें। तो समझ लेना कि यही तुम्हारे जीवन का सत्य और सच्चा दान है। वही मुनि श्री




अनंत सागर महाराज ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति में विश्व एक व्यापार है लेकिन भारतीय संस्कृति में विश्व एक परिवार है इस अवसर पर आयोजित दान दाताओं के सम्मान कार्यक्रम में दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रेमी ने दयोदय गौशाला की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस गौशाला के द्वारा नित नए नवाचार की गतिविधियां मन को हर्षित कर रही है इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी ने गौशाला समिति द्वारा निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस मौके पर पूर्व विधायक लीना जैन ने कहा कि बिना दूध देने वाले ऐसे गोवंश को सेवा करना ही धर्म है वहीं दयोदय गौशाला के अध्यक्ष आनंद मोदी ने गौशाला संबंधी जानकारी और गौसेवा के लिए चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया और अंत में गौशाला के संरक्षक डा. एके जैन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। पशु चिकित्सालय के ब्लाक अधिकारी डा.प्रणव सिंह, डा. उपाध्याय, डा.देवांशु राजपूत तथा गौशाला के लिए अपने खेतों की नरवाई उपलब्ध कराने वाले कृषक मित्र एवम गौशाला को सहयोग करने वालो दान दाताओं का पुष्प तिलक और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

### ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा

# 1 अप्रैल से सिवनी मालवा, 3 से मिसरोद 5 से इटारसी 8 से सोहागपुर में पानी छोड़ें

**अंतिम निर्णय संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक के उपरांत लिया जाएगा**



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 27 मार्च 2025, तवा नहर संभाग सिवनी मालवा की रायगढ, मकढई एवं भिलाडियां नहरों के लिए 1 अप्रैल 2025, मिसरोद उपसंभाग डोलरिया के लिए 3 अप्रैल 2025, तवा परियोजना संभाग इटारसी के लिए 5 अप्रैल 2025 तथा पीबीसी संभाग सोहागपुर हेतु दायीं तट मुख्य नहर से 8 अप्रैल 2025 से जल प्रवाह शुरू करने के लिए तिथियां प्रस्तावित की गई।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि नहर खोलने की अंतिम तिथि का निर्णय संभागीय बैठक उपरांत संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग कृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा लिया जाएगा, जिस पर समिति के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

इस दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री (ईई) ने तवा जलाशय की वर्तमान जल संग्रहण स्थिति 946 एमसीएम होने की जानकारी दी। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुजान सिंह रावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# नर्मदापुरम के गौरव आईपीएस अधिकारी मनीष शंकर शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्थानीय नेहरू पार्क में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्यों ने उपस्थित होकर एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मनीष शंकर शर्मा मुनमुन भैया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर कृपाल सिंह राजपूत अरुण दीक्षित मोहम्मद अकरम खान डॉक्टर सुरेंद्रजीत सिंह के एन त्रिपाठी लखन रघुवंशी ललित यादव डॉ मयंक तोमर अशोक परसाई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मनीष शंकर शर्मा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कहा कि सहज सरल एवं कुशल व्यक्तित्व के धनी मनीष भैया का इस तरह चले जाना बहुत दुख पूर्ण घटना है जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होते हुए नर्मदापुरम नगर एवं प्रदेश सहित देश का नाम रोशन किया. शोक सभा में अशोक दीबोलिया रमेश गोप्लानी केके शर्मा राजेश मिश्रा जय बाला निगम गोपाल जोशी एस के सैनी रोहित शर्मा अशोक चौरे सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित हुए.

# नगर में रंगपंचमी पर जमकर उड़ा रंग-गुलाल



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर में रंग पंचमी पर जमकर होली खेली गई , युवाओं की टोलियों की हुड़दंग , रंग पंचमी के दिन अलग-अलग टोलिया में सुबह से शाम तक लोग रंग गुलाल खेलते हुए नजर आए हालांकि नगर में कहीं बाद विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई रंग पंचमी पर रंग के साथ एक दूसरे पर रंग डालते लोगों ने रंगपंचमी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई महिलाओं ने भी रंग पंचमी को जमकर होली खेली डीजे, गाजे बाजे की धुन में लोग नाचते थिरकते होली के रंग में रंगे दिखाई दिए।

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में सेवा प्रदान ना किए जाने पर तहसीलदारों-नायब तहसीलदारों पर अर्थदंड अधिरोपित

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत सेवाएं निर्धारित समय सीमा में प्रदान न करने पर संबंधित अधिकारियों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा अधिनियम की धारा 7(1) की कंडिका (क) एवं (ख) के तहत यह कार्यवाही की गई है। नायब तहसीलदार नर्मदापुरम नगर सु सृष्टि डेहरिया पर 2,500 रुपए, तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी पर 5,000 रुपए, तहसीलदार नर्मदापुरम नगर देवशंकर धुर्वे पर 2,250 रुपए, अतिरिक्त तहसीलदार नर्मदापुरम नगर देवशंकर धुर्वे पर 750 रुपए एवं तहसीलदार इटारसी शक्ति सिंह तोमर पर 1,750 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

# सड़क पर दुकानों का लगा जमावड़ा, स्कूली बच्चों कर्मचारियों और नागरिकों को रोज हो रही परेशानी

- नगर की बिगड़ैल यातायात व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार जाम और परेशानी और दुर्घटना के भय के बीच चल रहा आवागमन बेतरतीब लगते ठेलों से राहगीरों का भी निकलना मुश्किल जिम्मेदार नहीं देते ध्यान





**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

वाहनों की बढती हुई संख्या और बेतरतीब पार्किंग के कारण तहसील मुख्यालय की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चौपट हो गई है बिगड़ैल यातायात व्यवस्था में सुधार के कोई प्रयास न होने के कारण मार्गों पर लगने वाले जाम तथा गंभीर दुर्घटना की आशंका लोग परेशान हैं सड़कों पर लोगों का चलना दूभर हो रहा है लंबे समय से व्याप्त इस समस्या के निराकरण के लिए स्थानीय नागरिक प्रशासन से हमेशा गुहार लगाते है लेकिन इसे लेकर अब तक कोई प्रयास नहीं किए गये इस संबंध में लोगों का कहना है कि छुटपुट घटनाएं तो हमेशा होती है लगता है कि प्रशासन को किसी गंभीर हादसे का इंतजार है ज्ञात हो कि नगर की यातायात व्यवस्था बिना किसी दिशा निर्देश के मनमाने ढंग से चल रही है भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों का प्रवेश बेतरतीब पार्किंग किसी भी स्थान पर लोडिंग अनलोडिंग सड़क पर होने वाले अस्थाई अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं के चलते यातायात बेहद बेढंग हो गया है दिन में मार्गों पर लगने वाले जाम के कारण यातायात चलने की बजाय रेंग रहा है इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

### घंटों लगता है जाम लोगों को होती है परेशानी

यातायात पर नियंत्रण न होने से नगर के मुख्य मार्गों चौराहों पर घंटों जाम जैसी स्थिति बन रही है जाम के कारण लोगों को परेशानी होती है साथ ही आवश्यक सेवाएं बाधित हो रही है अपने गंतव्य तक जाने वाले लोगों को शहर के अंदरूनी मार्गो से चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा है ।

### मनमाने तरीके से खड़े किये जाते हैं सड़क पर वाहन

नगर में खकरिया रोड़ तारादेही रोड़ जामुनखेड़ा रोड़ थाने रोड़ बैंक मार्ग जबलपुर दमोह मार्गों पर वाहनों की आवाजाही होती है वहीं मंडी रोड़ तरफ भारी वाहनों के साथ टैक्टर ट्राली जीप कारों सहित मोटर साईकिलों को मनचाहे ढंग से खड़े हो जाने के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है मुख्य रूप से पैदल चलने वाले छोटे छोटे स्कूली छात्रों महिलाओं को परेशानी होती है वहीं सबसे बड़ी बात तो यह है इसी मार्ग मै एक दर्जन सरकारी आफिस व स्कूल, कॉलेज हैं मंडी खकरिया मार्ग पर सबसे बड़ी परेशानी तब होती है जब सुबह 10 बजे से बीआरसी कार्यालय जनपद पंचायत कार्यालय महिला बाल विकास कार्यालय जन शिक्षा विभाग शासकीय महाविद्यालय मॉडल स्कूल और छात्र छात्रों की छात्रावास भी इसी तरफ पड़ती है जिस मार्ग पर सबसे ज्यादा जाम लगता है और स्कूल कॉलेज व विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी मार्ग पर अनेक बार छोटीमोटी घटनायें दुर्घटनायें घटित हो जाने के उपरांत भी किसी भी प्रकार का सबक नहीं लिया जा रहा है।

### हाथ ठेलों ने बिगड़ती यातायात व्यवस्था

नगर की सड़कों पर अब चलना मुहाल हो गया है जहां सभी मार्गों पर बेतरतीब ढंग से लगे हाथठेले और वाहन राहगीरों और लोगों को मुश्किल खड़ी कर रहे हैं खकरिया मंडी मार्ग पर रोज जमा लग रहा है और पुलिस प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है इस मार्ग पर जाम लगने का मुख्य कारण यह है मंडी की ओर आने वाले मुख्य मार्ग पर सब्जियां व फलफूल वाले दुकानदारों का हाथठेला बीच सड़क किनारे लग रही है जिसके कारण वाहनों को निकलने में दिक्कत होती ही है।

**मेट्रो एंकर** नर्मदापुरम जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी

# कार्रवाई में एक पोकलेन मशीन के समेत 3 डंपर किए गए बरामद

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही जारी है।

राजस्व और खनिज विभाग ने 13 मार्च 2025 को तालाखेड़ी, सोहागपुर से 01 डम्पर (एमपी05जी8615) को मिट्टी खनिज के अवैध भंडारण में लिप्त पाया और उसे जप्त कर लिया। 17 मार्च 2025 को ग्राम चौतलाय, तहसील सिवनीमालवा से 01 पोकलेन मशीन और 01 डम्पर (एमपी05जी8584) को मुरूम खनिज के अवैध उत्खनन में लिप्त पाया गया और 01 अन्य डम्पर (एमपी38एच1277) को गिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

उक्त कार्यवाहियों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी, तहसीलदार डोलरिया, नायब तहसीलदार सोहागपुर पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्र0 खनि निरीक्षक हेमन्त राज, खनिज सिपाही और होमगार्ड बल मौजूद रहे।



जप्त वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## बासौदा में एक पनडुब्बी जप्त की

**गंजबासौदा।** बासौदा विकासखंड अंतर्गत अवैध उत्खनन को रोकने हेतु राजस्व विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को ग्राम राजखेड़ा के समीप बेतवा नदी में रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जयसवाल, अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल द्वारा अधीनस्थ अमले एवं पुलिस विभाग के साथ मौका स्थल पर पहुंचकर मौके से एक पनडुब्बी जप्त की गई। उक्त संबंध में अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई।



### रंगपंचमी पर रंग से सराबोर हुई नगर की सड़कें

# जमकर उड़ाया रंग गुलाल, हिंदू उत्सव समिति ने निकाला भव्य चल समारोह

■ राधा कृष्ण के स्वरूप रहे आकर्षण का केंद्र

सिरोंज, दोपहर मेट्रो





बुधवार को रंग पंचमी का पर्व नगर से लेकर ग्रामीण अंचल में बड़े ही उत्सव पूर्वक मनाया गया हर तरफ रंग ही रंग दिखाई दे रहा था सभी के चेहरों पर रंग पंचमी का रंग नजर आ रहा था।शहर की सड़कों रंग से रंगीन हो गई रंग के कारण किसी के चेहरे पहचान में नहीं आ रहे थे। चारों तरफ रंग पंचमी का उत्साह ही उत्साह नजर आ रहा था सुबह से ही होली खेलने वालों हुरियारों की टोलियां गली मोहल्ले और मुख्य सड़कों पर एक दूसरे को रंग लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दे रहे थे। वहीं सुबह से लेकर देर रात तक रंग लगाने का दौर चलता जगह-जगह पार्टी भी आयोजित हुई डीजे की धुन पर जमकर मौज मस्ती भी की !

#### हिंदू उत्सव समिति ने निकाला चल समारोह

वहीं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदु उत्सव समिति के विशाल चल समारोह भी निकल गया सुबह 10 बजे से कस्टम पथ से रंगपंचमी का जुलूस प्रारंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्गो से होते जय स्तंभ चौक पर पहुंचकर पर संपन्न हुआ। जुलूस में नगर पालिका परिषद की दो ट्रालियों में रंग से भरी हई टंकियां राखी हुई थी इनमें सवार बच्चे रंग बरसा रहे थे एक ट्रैक्टर ट्राली में भगवान राधा कृष्ण जी के स्वरूप भी इस बार विराजमान थे। जिनके द्वारा पिचकारी से रंग डालने का कार्य कर रहे थे। ढोल ताशे और डीजे की धुन पर बज रहे भजनों पर सभी झूमते नाचते हुए चल रहे थे सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में देखने को जुलूस में शामिल लोगों पर तोप से फूलों की बारिश की जा रही थी वैसे तो होली की मस्ती में लीन होकर सभी झूमते नाचते चल रहे थे।इसी तरह फायर गाड़ी से हुरयारों पर पानी डालने का दौर भी चल रहा था बाजार में चल समारोह में शामिल लोगों पर रंग पानी डालने का कार्य भी नगर वासी कर रहे थे हर कोई होली खेलने के अत्तुर नजर आ रहा था सबसे पहले हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने एक दूसरे पर रंग लगाया जैसे ही मुख्य बाजार में जुलूस पहुंचा तो युवाओं का जोश और हौसला सातवें आसमान पर पहुंच गया होली की मस्ती मे लीन होकर कपड़ा फाड़ होली भी इस बार देखने को मिली मुख्य बाजार से जब चल समारोह नगर पालिका कार्यालय तो यहां पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू , सीएमओ राम प्रकाश साहू के साथ परिषद ने जुलूस का शानदार स्वागत किया जमकर रंग बरसा और यहां का नजर वृंदावन में तब्दील हो गय भगवान के भजनों पर जमकर लोग थिरके रंग से सराबोर नगरपालिका का परिसर दिखाई दे रहा था हर किसी पर होली की खुमारी छाई हुई थी काफी देर तक यहां पर मस्ती की इसके बाद हाजीपुर पर से होते हुए चल समारोह जय स्तंभ चौक पर पहुंचकर संपन्न हुआ यहां पर हिंदू सब समिति के अध्यक्ष ओम सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया इस दौरान सुमंत मित्तल , सीताराम कुशवाहा, पारस तारण, राकेश सक्सेना, जगदीश शाक्य, मुकेश रघुवंशी ,प्रदीप राठौर, रिंकू सुमन, राकेश पालीवाल, विष्णु गर्ग आदि मौजूद थे। वहीं रंग पंचमी के चल समारोह को लेकर प्रशासन अलग था एसडीएम हर्षल चौधरी ,एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी आगे पीछे चल रहे थे। थाना प्रभारी संदीप पवांर चल समारोह में साथ साथ चल रहे थे। मस्जिदों तथा संवेदनशील स्थान पर बड़ी संख्या पुलिस बल मौजूद था। पूरे शहर मे रंग पंचमी पर जमकर होली खेली गई महिलाओं ने भी होली खेली श्री मदन मोहन सरकार मंदिर पर फूल डोल उत्सव मनाया गया यहां पर फूलों से होली खेल गई।इसी तरह ग्रामीणों में भी जमकर जश्न मनाया गया।

## प्रभारी प्राचार्य जगदीश साहू को जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद हटाया




सिरोंज, दोपहर मेट्रो

खबर का असर

फर्जी साइन से सामग्री की खरीदी करने वाले कस्बा ताल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य पर जांच के बाद अनियमित के आरोप में जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर ने कार्रवाई करते हुए इनको प्रभारी प्राचार्य पद से मुक्त कर दिया है। इनकी जगह पर वरिष्ठ शिक्षक लाल चंद मंझी को प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी सौंप गई है। पिछले दिनों इसी साल में पदस्थ अस्थाई कर्मचारी कुमारी ऋषिता पटेल ने जिला कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन देकर प्रभारी प्राचार्य जगदीश साहू पर उनके फर्जी साइन करके एमसीडी योजना में आई राशि निकालने के गंभीर आरोप लगाए थे। संवाददाता ने भी लगातार इस मामले को उठाया इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने पूरे मामले की जांच करवाई जांच के बाद अनियमित के आरोपी के चलते करवाई की गज प्रभारी प्राचार्य जगदीश साहू पर गिरी जब से इनको प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप थी तभी से क्षेत्र के शाला प्रभारी शिक्षक परेशान थे। उनका व्यवहार अच्छा नहीं बताया जाता। उक्त राशि से सामग्री खरीदने पर फर्जी साइन की जांच अभी आगे जारी रहेगी इसकी जांच जिला शिक्षा अधिकारी करवा रहे हैं। शासन से मिलने वाली राशि का किस तरह से दुरुपयोग किया जाता है इसका अंदाजा भी इस मामले से लगाया जा सकता है और स्कूलों की जांच करवाई जाए तो इस तरह के और भी मामले सामने आ सकते हैं।

### पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु एमपी टॉस पोर्टल पुनः खोला गया

**सिरोंज** ! विदिशा पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु वर्ष 2023-24 हेतु एमपी टास पोर्टल एक बार पुनः खोला गया है। समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं से अनुरोध है कि समय सीमा में छात्रों से संपर्क कर आवेदन कराने का कष्ट करें जिन छात्रों के वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति के आवेदन ऑनलाइन नहीं किए जा सके थे वे छात्र और छात्राएं एमपी टॉस पोर्टल पर आवेदन कर सके।

मप्र दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत

## जिले में 9991 स्व-सहायता समूहों का गठन, 139006 परिवार हुए शामिल

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूहों का गठन कर समूह की दीदीयों को आर्थिक सबंलता और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि के प्रतीक बने हैं। एसआरएलएम के जिला प्रबंधक श्री संजय चैरसिया ने बताया कि जिले में अब तक 9 हजार 991 समूहों का गठन किया जा चुका है। इन समूहों में एक लाख 39 हजार 6 परिवार सम्मिलित हैं। वहीं 1076 ग्राम संगठन, जबकि संकुल स्तरीय संगठन की संख्या 37 है। अब तक 7130 समूहों को चक्रीय राशि 9 करोड़ 26 लाख जारी की जा चुकी है। जबकि 3759 समूहों को सामुदायिक निवेश राशि 37.59 करोड़ जारी की गई है। गत वित्तीय वर्ष में लक्ष्यों की शत प्रतिशत उपलब्धियां हासिल की गई है। जिसमें 3040 समूहों को 71.70 करोड़ की राशि की जगह 2847 समूहों को 72.66 करोड़ की राशि जारी की गई है जो लक्ष्य से अधिक है।

#### लखपति दीदी के मापदंडों की ओर

विदिशा जिले के प्रत्येक स्व सहायता समूह की हरेक दीदी लखपति बने इसके लिए निर्धारित मापदंडों का अनुपालन कर लखपति दीदी के क्लब में शामिल हो रही है। वैसे विदिशा जिले में अब तक लखपति दीदीयों की संख्या 38 हजार 965 हो चुकी है।

#### विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन

आजीविका मिशन के तहत गठित स्व सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के व्यवसायों का संचालन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए साख में वृद्धि कर रही है। जिले में मुख्यतः 17 गतिविधीय व्यवस्थाएं से 3356 समूहों के 19839 सदस्य जुड़े हैं।

गैर कृषि आधारित गतिविधियां, नवाचार जिनका समूहों के द्वारा किया जा रहा है उन में किराना दुकान, मनिहारी दुकान ,जनरल स्टोर ,आटा चक्की, सिलाई कार्य, शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन,ईट निर्माण इलेक्ट्रिकल दुकान, चाय दुकान, साइकिल रिपेयरिंग, डीजे, वेल्डिंग दुकान, फोटोकॉपी ,दोना पत्तल मोबाइल रिपेयरिंग, फूल माला विक्रय दुकान के साथ-साथ अन्य गतिविधियां शामिल है।

### सड़क के किनारे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फेंक दी गईं एक्सपायरी दवाईयां

**तेंदूखेड़ा!** नगर के सीएम राइज स्कूल के आगे वन विभाग के प्लांटेशन के पास किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एक कार्टून में एक्सपायरी दवाईयां, सिरिंज, इंजेक्शन एवं अन्य दवाई सडक किनारे फेंक दी गई। दवाईयों के कार्टून के पास कुछ बच्चे खाली सिरिंज को लेकर खेलते हुए नजर आएं। नगर के हैप्पी क्लब के सदस्य रोशन दुबे सुबह मार्निंग वॉक पर जाते हैं तो उन्होनें उन बच्चों को दवाईयों से दूर रहने के लिए कहा साथ ही बताया कि मंगलवार की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इन दवाईयों को यहां पर फेंका गया हैं जो गलत हैं दवाईयों को डिस्पोज करना ही था तो एक गड्ढा खोदकर उसमें डाल देते अब इन एक्सपायरी दवाइयों के कारण जंगली जानवरों और पर्यावरण को भी नुकसान है साथ ही सुबह से मार्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों की सेहत पर भी असर पड़ेगा साथ ही वातावरण भी दूषित होगा।

## मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने किया हज कमेटी के जिला अध्यक्ष का स्वागत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो



अल्प प्रवास पर सिरोंज आए विदिशा जिला हज कमेटी अध्यक्ष सैयद नदीम अली, वरिष्ठ समाजसेवी अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मिर्ज़ा हबीब बैग ओर जिला वक्फ कमेटी विदिशा के सचिव अमीन मंसूरी का सिरोंज के हाफिज याकूब बस स्टैंड पर मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला उपाध्यक्ष हाफिज शम्स कमर के नेतृत्व में स्वागत किया गया इस दौरान जिला हज कमेटी अध्यक्ष सैयद नदीम अली ने कहा कि सिरोंज खिदमत के लिए हमेशा से जाना जाता रहा है यहां के लोग बिना पदों पर रहकर खिदमत ए खल्क करते है चाहे वो वक्फ का काम हो या हज का काम । सिरोंज में हज में हज पर जाने वालो को लगातार प्रशिक्षित किया जाता रहा है इस बार भी हज पर जाने वालो से हम संपर्क में है हर संभव मदद उनकी करेंगे राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त हज कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी जी के मार्गदर्शन में संपूर्ण मध्य प्रदेश में हज पर जाने वाले साथियों के लिए काम कर रहे है इसके साथ ही सैयद नदीम अली ने कहा कि सभी को मिलकर काम करना है चाहे हज का काम हो या वक्फ का काम आप सब जब तक मिलकर काम नहीं करेंगे हम तरक्की नहीं कर पाएंगे कुछ बाहरी लोग आप लोगों में फूट डालने का प्रयास भी कर रहे है उनसे सावधान रहे जिला वक्फ कमेटी सचिव अमीन मंसूरी ने कहा कि वक्फ की हिफाजत को लेकर जितना अच्छा काम सिरोंज में हो रहा है उतना जिले में कही नहीं हो रहा हम कोशिश करेंगे कि सिरोंज के साथियों खासकर जिला वक्फ कमेटी के सह सचिव डॉ रज़ी खान को साथ लेकर जिले में भी अच्छा काम करे इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य मिर्ज़ा हबीब बैग ने भी मिल जुलकर काम करने की बात कही और वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ संवर पटेल ओर हज कमेटी अध्यक्ष रफत वारसी के हाथ मजबूत करने की बात कही।

## 21 मार्च को जिला स्तरीय रोजगार मेला सिरोंज में होगा आयोजित

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन हरेक विकास खंड पर आयोजित किए जाएं के परिपालन में शुक्रवार 21 मार्च को (सिरोंज) के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में पूर्वाहन 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में रोजगार हेतु कंपनियों के स्टॉल लगाये जायेंगे एवं शासन की समस्त योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जावेगी। इस कार्यक्रम में उपयुक्त दस्तावेज जैसे बायोडाटा, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आदि के साथ सम्मिलित होने वाले युवक-युवतियों को योग्यतानुसार कंपनियों द्वारा साक्षात्कार उपरांत चयनित कर ऑफर लेटर वितरित किये जावेगें। शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगारमुखी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वसहायता समूह, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तू और अर्ध घुमन्तू स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजनाओं की जानकारी दी जावेगी। यह रोजगार मेला बेरोजगार युवक, युवतियों को योग्यतानुसार कैरियर निर्धारण को एक नया दिशा देने वाला अवसर है।

### मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अब्बास हफीज की पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। जहां मुस्लिमों के साथ साथ कई हिन्दू नेताओं ने भी शिरकत की । इसी कड़ी में सिरोंज शहर के कांग्रेस नेता सादिक कुरैशी पूर्व पार्षद सलीम गौरी वरिष्ठ पत्रकार सईद खान और युवा पत्रकार इरफान मंसूरी मुख्य रूप से इफ्तार पार्टी में शिरकत करने पहुंचे। जहां अब्बास हफीज के द्वारा गर्म जोशी से स्वागत कर सभी का आभार व्यक्त किया।



**मेट्रो एंकर** रमज़ान रहमतों बरकतों गमख्वारी ,सब्र और मग्फिरत का महीना है

# अल्लाह ताला अपने बंदों पर फरमाता है बेपनाह फजलो करम

सिरोंज, दोपहर मेट्रो



अल्लाह ताला ने अपने बंदों पर बेशुमार नेमतें नाजिल की हैं जिनमें से एक बहुत बड़ी नेमत रमजान उल मुबारक का बा बरकत महीना है यह महीना रहमत मग्फिरत और जहन्नम से निजात का जरिया है जिसमें अल्लाह ताला अपने बंदों पर बेपनाह फजलों करम फरमाता है कुरान मजीद और अहादीसे मुबारका में रमजान उल मुबारक की फजीलत और बरकत का तफसीर से जिक्र किया गया है चुनाचें यही वह मुबारक महीना है जिसमें सबसे अफजल किताब कुराने करीम नाजिल हुई यही वह महीना है जिसके रोज़े का सवाब खुद अल्लाह तआला ने अपने ज़िममें लिया है रमजान ही वह महीना है जिसमें सरकश शयातीन को बेड़ियों में जकड़ दिया जाता है जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं रोजाना लाखों गुनाहगारों कि मग्फिरत का ऐलान किया जाता है रमजान ही तरावीह व एतेकाफ का महीना है इसी महीने में वह मुबारक रात होती है जिसकी इबादत हजार महीनों से अफजल है और रमजानुल मुबारक ही वह महीना है जिसके इस्तकबाल के लिए जन्नत को 11 माह पहले से सजाया जाता है और जिस महीने को पाने के लिए आका ए दो जहां मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रजब के चांद देखने के साथ ही दुआ करते थे और शाबान को रमजान की तैयारी में गुजारते थे लिहाजा हम सबके लिए जरूरी है कि इस मुबारक महीने में जितनी ज्यादा इबादत कर सकते हो करें और अपने गुनाहों से माफी का परवाना हासिल करें और अपने रूठे हुए अल्लाह को मनाएं और अल्लाह की रहमतों को अपनी तरफ मुतवज्जे करें नबी ? शाबान की आखिरी तारीख में सहाबा से फ़रमाया करते कि तुम्हारे ऊपर एक महीना आ रहा है जो बहुत बड़ा महीना है बहुत मुबारक महीना है इसमें एक रात है शबेक़द्र जो हज़ारों महीनों से बढ़कर है अल्लाह तआला ने इसके रोज़ों को फ़र्ज़ फ़रमाया और इसके रात को क़याम (तरावीह) को सवाब की चीज़ बनाया है जो शख्स इस महीने में किसी नेकी के साथ अल्लाह का कुर्ब हासिल करे ऐसा है जैसा कि गैर रमज़ान में फ़र्ज़ अदा किया।

### रमज़ानुल मुबारक में तीन अशरे हैं

ये ऐसा महीना है कि इसका पहला अशरा अल्लाह की रहमत है दूसरा अशरा मग्फिरत है और आखिरी अशरा जहन्नुम की आग से आज़ादी है जो शख्स इस महीने में अपने गुलाम खादिम के बोझ को हल्का करदे अल्लाह तआला उसकी मग्फिरत फरमाते हैं और आग से आज़ादी फरमाते हैं

**आपने फ़रमाया चार चीज़ों की रमज़ान में कसरत रखा करो-** दो चीजें अल्लाह की रज़ा के वास्ते और दो चीजें ऐसी हैं जिनसे तुम्हें चाराकार नहीं कलमा ए तय्यबा और इसतग्फार की कसरत जन्नत को तलब करो और आग से पनाह मांगो जो शख्स किसी रोज़ादार को पानी पिलाए अल्लाह कयामत के दिन मेरी हौज़ से उसको ऐसा पानी पिलायेंगे जिसके बाद जन्नत में दाखिल होने तक पियास नहीं लगेगी

**रमज़ान बर्दाश्त करने और गमख्वारी का महीना है-** आप ने इस महीने के कुछ आदाब इरशाद फरमाये पहला ये कि ये सब्र का महीना है अगर रोज़ा वगैरह में कुछ तकलीफ़ हो तो उसे शौक से बर्दाश्त करना चाहिए इसी तरह तरावीह में अगर दिक्कत हो तो उसको बड़ी खुशदिली से बर्दाश्त करना चाहिए इसको मुसीबत और आफत न समझें कि ये बड़ी ना महरूमी की बात है हम लोग दुनियावी इगराज़ की बदौलत खाना पीना राहत व आराम सब छोड़ देते हैं तो किया अल्लाह की रज़ा के मुकाबले में इन चीजों की कोई हैसियत हो सकती है फिर फ़रमाया कि ये गमख्वारी का महीना है यानी गुराबा के साथ मदारात का बरताव करना अगर दस चीजें इफ्तारी में तैयार की हैं तो दो चार चीजें कम से कम गुराबा के लिए होना चाहिए

# मुक्केबाजी पर चुनावी आंच, लवलीना को खेलने से रोका, गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव की आंच शुक्रवार से ग्रेटर नोएडा में शुरू हो राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप पर पड़ गई है। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह की ओर से महासचिव हेमंत कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को निलंबित किए जाने के बाद असम ने इस चैंपियनशिप में टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना समेत सभी मुक्केबाजों की भागीदारी रोक दी है।अजय सिंह ने आरोप लगाया है कि असम मुक्केबाजी से जुड़े होने के कारण हेमंत कलिता के कहने पर लवलीना को इस चैंपियनशिप में खेलने से रोका गया है। दावा यहां तक किया गया है कि हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज भी चैंपियनशिप में शिरकत नहीं करेंगे। अजय सिंह ने बुधवार को दावा किया कि कई मुक्केबाजों से रेल और हवाई यात्रा के टिकट रद्द कराए गए हैं, लेकिन वह इन मुक्केबाजों को खिलाने के लिए पूरा जोर लगा रहे है, चाहें इसके लिए उन्हें अपनी जेब से पैसा क्यों नहीं देना पड़े।

उधर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनाव में केवल निर्वाचित सदस्यों के भाग लेने के आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करना ने दिल्ली एमेच्योर मुक्केबाजी संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि बीएफआई की ओर से 7 मार्च के परिपत्र के क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगाई जाती है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर को हाल ही में महासंघ की चुनाव प्रक्रिया के लिए अयोग्य घोषित किया गया था, क्योंकि उनका नामांकन 7 मार्च के परिपत्र का उल्लंघन करता था।



### कलिता ने आरोपों को खारिज किया...

वहीं, हेमंत कलिता ने अजय सिंह के इन आरोपों को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि टूर्नामेंट को सिर्फ 15 दिन के नोटिस पर कराया जा रहा है। राज्य इसके लिए तैयार नहीं थे। इस बारे में राज्यों ने बीएफआई को लिखा है। यह सब उन्हें बदनाम करने के लिए हो रहा है। चैंपियनशिप के लिए अब तक 22 राज्यों ने एंट्री भेजी है। लवलीना ने पहले वीडियो जारी कर कहा था कि वह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उतरने जा रही हैं।

## आईपीएल : फिर से कमान सूर्या के हाथ सौंपी, पंड्या को हटाया

# पहला मुकाबला कोलकाता-बेंगलुरू के बीच, मुंबई इंडियंस ने बदला कप्तान

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का आगाज 22 मार्च को कोलकाता में हो रहा है। जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। आईपीएल के आगाज से ठीक पहले मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने अपने ओपनिंग मैच के लिए नए कप्तान के नाम का ऐलान कर दिया है. उन्होंने हार्दिक पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव को कमान सौंप दी है. बता दें कि मुंबई को अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलना है. यह मुकाबले चेन्नई में ही होगा. इस मैच में पंड्या नहीं उतरेंगे. उन पर एक मैच का बैन लगा हुआ है।

दरअसल, पंड्या पर यह बैन पिछले सीजन में ही स्लो ओवर रेट के कारण रहा था. इसे इस सीजन के मुंबई टीम के पहले मैच में लागू किया गया है. हालांकि अगले मुकाबले से पंड्या एक बार फिर टीम की कमान संभाल लेंगे. सूर्या को कप्तानी सौंपने की यह जानकारी खुद पंड्या ने ही दी है. उन्होंने हेड कोच महेला जयवर्धने के साथ 19 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इसी दौरान पंड्या ने कहा, %सूर्या इस समय भारतीय टी20 टीम का कप्तान है. ऐसे में मेरी गैरहाजिरी में वही इसके (कप्तानी) लिए सही उम्मीदवार भी है. आखिरी बार सूर्या ने 2023 सीजन में मुंबई टीम की कमान संभाली थी. तब रोहित शर्मा कप्तान थे और उनकी गैरहाजिरी में सूर्या ने मोर्चा संभाला था. यह मैच मुंबई ने जीता था, जिसमें सूर्या ने 25 गेंदों पर 43 रन जड़े थे. इस मैच में रोहित बतौर इम्पैक्ट प्लेयर ओपनिंग करने उतरे थे और 13 गेंदों में 20 रन ही बना सके थे।



### बालिग हो चुका है आईपीएल !

इंडियन प्रीमियर लीग अब बालिग यानी 18 साल का हो गया है. इस बार आईपीएल का 18वां सीजन खेला जाएगा. मुंबई और चेन्नई इन दोनों ही टीमों ने मिलकर 17 में से 10 खिताब (5+5) जीत लिए. इस दौरान हर बार मुंबई की कप्तानी रोहित शर्मा और चेन्नई की कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी ने संभाली. वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 (2012, 2014 और 2022) खिताब हासिल किए हैं. राजस्थान रॉयल्स (2008), डेक्कन चार्जर्स (2009), सनराइजर्स हैदराबाद (2016) और गुजरात टाइटन्स (2022) का भी नाम चैम्पियन बनने वाली टीमों की लिस्ट में शामिल है. अब आईपीएल बालिग हो गया है. ऐसे में देखते हैं इस बार कोई नया चैम्पियन बनता है या इन्हीं टीमों का जलवा कायम रहता है.

# बाक ने बिंद्रा की तारीफ की, अगले अध्यक्ष बनने की रेस में जुआन आगे

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय ओंलपिक समिति (आईओसी) के निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक ने ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम में भागीदारी के लिए अपने मित्र और भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की प्रशंसा की। बाक ने बुधवार को यहां ऐतिहासिक आईओसी सत्र के दौरान 'ओलंपिज्म 365 कार्यक्रम' के माध्यम से भारतीय बच्चों को 'बांस' के टेबल टेनिस बोर्ड मिलने की कहानी का जिक्र भी किया। आईओसी ने अपना सत्र शुरू किया जिसमें अध्यक्ष का चुनाव गुरुवार को होगा। अगले IOC अध्यक्ष बनने की रेस में जुआन एंटोनियो समरंच सबसे आगे हैं। बाक जून में पद छोड़ देंगे, उन्होंने विभिन्न आयोगों की रिपोर्ट की बात करते हुए भारत के मशहूर निशानेबाज बिंद्रा का नाम लिया जो आईओसी. एथलीट आयोग के वर्तमान सदस्य भी हैं। बाक ने कहा, हमारे पास ओलंपिक शिक्षा आयोग है जिसकी अध्यक्ष श्रीमती मिकाएला कोजुआंगको जॉर्स्की हैं। मुझे लगता है कि हम सभी को कार्यक्रम की बड़ी संख्या को समझना चाहिए।



उन्होंने कहा, विशेष रूप से भारत में हमारे मित्र अभिनव बिंद्रा को भी धन्यवाद। आपके प्रयास और आपके आयोग के सदस्यों में से एक के लिए धन्यवाद क्योंकि हम महसूस कर सकते हैं कि यह कार्यक्रम वास्तव में मजबूती हासिल कर रहा है। आईओसी ने मई 2022 में भारत में पहला ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) शुरू किया जिसमें ओडिशा में स्कूली शिक्षा प्रणाली में ओलंपिक-थीम वाले पाठ्यक्रम को एकीकृत किया गया।

भारत में लागू होने वाली पहली प्रमुख आईओसी परियोजनाओं में से एक ओवीईपी को ओडिशा सरकार के स्कूल और जन शिक्षा विभाग और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट (एबीएफटी) के साथ साझेदारी में विकसित किया जा रहा है। पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के दौरान बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके 'विशिष्ट योगदान' के सम्मान में बाक द्वारा प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया था।

## स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट : सिंधू पहले ही दौर में बाहर, श्रीकांत प्री-क्वार्टरफाइनल में


**नई दिल्ली** । दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू बुधवार को स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। सिंधू का इस साल खराब प्रदर्शन जारी है। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी जूली जैकबसेन से 61 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हरा दिया। सिंधू इस साल लगातार तीसरी बार पहले दौर से बाहर हुई हैं। उन्होंने इंडियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर साल की शुरुआत की थी, लेकिन इंडोनेशिया मास्टर्स, ऑल इंग्लैंड ओपन और अब स्विस ओपन में राउंड एक से आगे नहीं बढ़ सकी। इस टूर्नामेंट को उन्होंने 2022 में जीता था।पुरुष एकल स्पर्धा की बात करें तो किदांबी श्रीकांत ने शुरुआती दौर के मुकाबले में हमवतन एचएस प्रणय को एक कठिन मैच में 23-21, 23-21 से हराया और प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर खिसक चुके श्रीकांत अब अंतिम-16 के मैच में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शिफेंग से भिड़ेंगे। वहीं, दुनिया के 64वें नंबर के खिलाड़ी क्वालिफायर शंकर सुब्रमण्यन ने पुरुष एकल में मैग्नस जोहानिसन को 21-5, 21-16 के प्रभावी स्कोर से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।



# छोटे दुकानदारों के लिए बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने देश के छोटे दुकानदारों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 रुपये से कम मूल्य के यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना के तहत सरकार किसी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2,000 रुपये से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यय वहन करेगी। इस योजना के तहत केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 रुपये तक का यूपीआई (पी2एम) लेनदेन आएगा।सरकार ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 'व्यक्ति से व्यापारी' (पी2एम) तक कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन (पी2एम) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ लागू की जाएगी। छोटे व्यापारियों की श्रेणी से संबंधित 2,000 रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कम वैल्यू वाली यूपीआई ट्रांजैक्शंस को बढ़ावा देने वाली प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने से देश में डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा मिलेगा और लोगों की जिंदगी आसान होगी।




## भारत पर व्यापार युद्ध का असर नहीं, 6.5 प्रतिशत तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। टैरिफ वार के कारण दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं के मंदी में फंसने का जोखिम बढ़ गया है। हालांकि, भारत पर इस व्यापार युद्ध का गहरा असर नहीं होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। 2026-27 में आर्थिक वृद्धि दर मामूली घटकर 6.3 फीसदी रह सकती है।फिच रेटिंग्स ने ग्लोबल इकनॉमिक आउटलुक (जीईओ) के मार्च संस्करण में कहा, अमेरिका की आक्रामक व्यापार नीतियां एक बड़ा जोखिम बनकर सामने आई हैं। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 की तुलना में 2026-27 में थोड़ी नीचे आ सकती है। हालांकि, बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्मनिर्भरता के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार युद्ध के व्यापक असर से बची रहेगी।रेटिंग एजेंसी ने कहा, पूंजीगत खर्च सहित निजी और सार्वजनिक व्यय में वृद्धि के कारण भारतीय जीडीपी की वृद्धि दर में सुधार हुआ है। यह चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के 5.4 फीसदी से बढ़कर चौथी तिमाही में 6.2 फीसदी पर पहुंच गई है। इस वृद्धि में कृषि क्षेत्र का भी योगदान है। औसत से अधिक मानसूनी बारिश के कारण खरीफ फसल का उत्पादन बढ़ा है। ग्लोबल इकनॉमिक आउटलुक के मुताबिक, निर्यात में मजबूत वृद्धि और आयात में गिरावट के संयोजन से इस साल जीडीपी वृद्धि को समर्थन मिला है। शुद्ध निर्यात में वृद्धि से 2025-26 और 2026-27 में भी अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी। फिच ने कहा, भारत में कारोबारी भरोसा उच्च स्तर पर बना हुआ है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र को दिए जाने वाले बैंक कर्ज में दहाई अंकों की वृद्धि जारी रहेगी।रेटिंग एजेंसी ने कहा, केंद्रीय बजट में सार्वजनिक पूंजीगत खर्च के उच्च आवंटन से जीडीपी को समर्थन मिलेगा।इन कारकों के अलावा आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती से लागत में कमी आएगी, जिससे 2025-26 और 2026-27 में पूंजीगत खर्च में तेजी आएगी।




## दुनियाभर में इस साल 23,154 कर्मचारी निकाले गए

नई दिल्ली। दुनियाभर की टेक कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। इन कंपनियों ने इस साल अब तक 23,154 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इसकी प्रमुख वजह... कमाई घटना, लागत में बड़े स्तर पर कटौती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को तेजी से अपनाना है। दुनियाभर में होने वाली छंटनी पर नजर रखने वाली कंपनी लेऑफ्स डॉट एफवाईआई के मुताबिक, इस साल छंटनी की शुरुआत 6 जनवरी से हुई, जब इस्राइल की कंपनी सोलरएज ने 400 कर्मचारियों को निकाल दिया। ओला इलेक्ट्रिक ने भारत में 1,000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया। मेटा ने इस साल अब तक सबसे ज्यादा 3,600 लोगों को नौकरी से निकाला है। एआई को अपनाने के कारण कर्मचारियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव बढ़ गया है।



**मनोरंजन | बालीवुड कोना**

# राजामौली ने दिखाई ओडिशा की बदतर हालत!

फिल्ममेकर एसएस राजामौली ओडिशा में हैं। वो महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्ममेकर को काम से कुछ समय की छुट्टी मिली और वे राज्य की सबसे ऊंची पर्वत चोटी देवमाली ट्रेल पर अकेले ट्रेक पर निकल पड़े। उन्होंने एक्स पर जाकर इस जगह की खूबसूरती और नज़ारे की तारीफ़ की। हालांकि, उन्होंने इलाके में गंदगी फैलाने वाले पर्यटकों की आलोचना की और उनसे सफाई का जिम्मा उठाने के लिए भी कहा।देवमाली ट्रेल से एक वीडियो शेयर करते हुए राजामौली ने लिखा, ओडिशा की सबसे ऊंची और सबसे शानदार चोटी देवमाली पर अकेले ट्रेक करने का अद्भुत अनुभव रहा। ऊपर से नज़ारा वाकई मनमोहक था। उन्होंने कहा, हालांकि, यह देखकर निराशा हुई कि रास्ते पर कूड़ा-कचरा बिखरा पड़ा है। ऐसे प्राचीन चमत्कार बेहतर के हकदार हैं। थोड़ी सी नागरिक भावना बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है... हर टूरिस्ट को इन जगहों की सुरक्षा में मदद करने के लिए अपना कूड़ा वापस ले जाना चाहिए।



## ईदी देने आ रहे सुपरस्टार, सलमान और मोहनलाल मचाएंगे धमाल



ईद का मौका हो और थियेटर्स में बड़े स्टार्स की फिल्में दस्तक ना दें, भला ऐसा कैसे हो सकता है. ईद 2025 पर हिंदी और मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार अपनी बिग बजट फिल्मों के साथ तैयार हैं. सलमान खान जहां 'सिकंदर' बनकर आएंगे. वहीं मोहनलान 5 साल बाद अपनी सुपर डुपर हिट मूवी 'लूसिफर' के सीक्वल 'एल2: एम्पुरान' के साथ फैंस को ईदी देने आएंगे.मतलब ये कि नॉर्थ के सिनमाहॉल में भाईजान का स्वैग देखने को मिलेगा. तो वहीं साउथ रीजन में मोहनलान-पृथ्वीराज सुकुमारन की एक्शन थ्रिलर फिल्म का दबदबा होगा. यकीनन ही सिने लवर्स के लिए इससे अच्छी ईदी नहीं हो सकती. दोनों ही फिल्मों का इंतजार हो रहा है. सलमान और मोहनलाल अपनी इंडस्ट्री के टॉप एक्टर हैं. दोनों सुपरस्टार्स का बस नाम ही काफी है, फैंस की भीड़ से सिनेमाहॉल खचाखच भर जाते हैं. सलमान-मोहनलाल देंगे फैंस को ईदी सबसे पहले बात करते हैं सिकंदर की, इसमें सलमान संग पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी बनी है. दबंग खान पिछले कई सालों से हिट की तलाश में हैं. ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बनी फिल्म से सलमान के फैंस को उम्मीद है वो फिर से बॉक्स ऑफिस के सिकंदर बनकर लौटेंगे. फिल्म के ट्रेलर और गानों को लोगों ने अच्छा रिस्पॉन्स दिया है. इसका बजट 200 करोड़ बताया गया है. मूवी 30 मार्च को रिलीज होगी.

### रंजीत ने सुनाया किस्सा

# मैंने माधुरी दीक्षित को ठेले पर टॉर्चर किया...

सत्तर और 80 के दशक में पॉपुलर विलेन रहे एक्टर रंजीत ने अपने अब तक के करियर में 500 से अधिक फिल्में कीं। उन्होंने कई बड़े स्टार्स और हीरोइनों संग भी काम किया। राखी से लेकर रीना रॉय, रेखा और माधुरी दीक्षित तक के साथ उन्होंने कई फिल्मों में मोलेस्टेशन और रेप सीन भी शूट किए। माधुरी संग फिल्म 'प्रेम प्रतिज्ञा' में शूट किए गए रेप सीन के बारे में तो रंजीत ने कई बार बात की है।



रंजीत ने बताया कि जब माधुरी से कहा गया कि उन्हें रंजीत के साथ मोलेस्टेशन सीन करना है, तो वह बुरी तरह रोने लगी थीं।रंजीत ने विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में उस वाकये को याद किया। 'प्रेम प्रतिज्ञा' साल 1989 में आई थी, जिसे बापू ने डायरेक्ट किया था। उस वक्त तक माधुरी ने सिर्फ पांच फिल्मों में ही काम किया था, और नई एक्ट्रेस थीं। रंजीत ने याद करते हुए बताया, फिल्म का नाम 'प्रेम प्रतिज्ञा' था, माधुरी तब नई थीं। मेरी छवि निर्दयी हत्यारे और घटिया खलनायक की बन चुकी थी। लड़के-लड़कियां मुझसे डरते थे। माधुरी ने मेरे बारे में सुना था, और वह घबरा गई थी। हमने साथ में एक छेड़छाड़ वाला सीन किया था। वीरू देवगन हमारे फाइट मास्टर थे। सीन यह था कि मुझे एक ठेले पर उसके साथ छेड़छाड़ करनी थी। मैं अपनी दूसरी शूटिंग के लिए जल्दी में था और सेट पर उसकी स्थिति के बारे में मुझे कुछ पता नहीं था। मुझे माधुरी के बारे में बाद में पता चला।

## ट्रेन की चपेट में आने से घायल नाबालिग की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। गत 14 मार्च धुलेंडी की रात वह ट्रेन की चपेट में आया था और उसका हाथ कट गया था। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था।



हाथ कटकर हो गया था अलग, एंबुलेंस नहीं पहुंचने से पुलिस ने पहुंचाया था अस्पताल इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार महेश उर्फ छोटू यादव (17) मकान नंबर-15 बरखेड़ी फाटक के पास रहता था और कंडक्टरी करता था। गत 14 मार्च की रात उसे सुभाष नगर रेलवे ट्रैक के पास देखा गया था। कुछ देर बाद ही वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इसस हादसे में उसका एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया था। राहगीरों ने एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन कॉल प्रतिक्षा में होने के कारण रिसीव नहीं हो रहा था। इस दौरान छोटू बार-बार ट्रैक पर जाकर पर जाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था। एंबुलेंस नहीं आने से राहगीर गुस्से में आ गए। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायल को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना था कि एंबुलेंस 108 का एवरेज रिस्पांस टाइम 18 मिनट बताया गया था। बावजूद इसके एंबुलेंस आने में एक घंटे से भी अधिक का समय लग गया

## अवैध शराब की तस्करी: कार सवार तस्करों ने पुलिस के बेरिकेड्स तोड़े, कार छोड़कर भागे

**भोपाल।** गुनगा पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध शराब की तस्करी कर रहे युवक को रोकना चाहा तो उसने इमला चौकी के पास लगे बेरीगेटिंग तोड़ दिए। बेरीगेटिंग तोड़ने के बाद पुलिस ने कार का पीछा किया तो कार सवार गांव सेमरी के पास कार छोड़कर फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 20 पेटी अवैध शराब मिली।



शराब की कीमत 1 लाख 6 हजार रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा जब्त कार की कीमत पांच लाख रुपए है। गुनगा पुलिस ने जब्त की 20 पेटी अवैध शराब, जब्त कार के नंबर से आरोपियों की तलाश जारी थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार बैरसिया की तरफ से आ रही है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इमला पुलिस चौकी के पास कार को रोकना चाहा, लेकिन कार सवार पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिगेट्स तोड़कर भाग निकला। पुलिस ने सरकारी गाड़ी से आरोपी का पीछा किया। इस दौरान सेमरी के पास सड़क किनारे कार खड़ी कर आरोपी अंधेरे में जंगल की तरफ भाग निकला। कार चेक करने पर पीछे डिक्की में 20 पेटी शराब मिली। पुलिस ने बताया कि शराब अंग्रेजी और देशी थी। जिसकी कीमत 1 लाख 6 हजार रुपए है। इसके अलावा जब्त

## इंवेस्टर समिट में एनआरआई से बदसलूकी पर केस दर्ज, फंडिंग का बनाया था दबाव

**भोपाल।** हाल में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यूके और दुबई से शिरकत करने पहुंचे एनआरआई चैप्टर के समूह सदस्यों के साथ बदसलूकी करने पर कोतवाली पुलिस ने रख्शां जाहिद, उनके पति जाहिद अनवर और एक अन्य ताबिश खान पर एफआईआर दर्ज की हैं। इस मामले में लंदन से एनआईआर चैप्टर यूके प्रतिनिधि आबिद फारूकी ने शिकायत करते हुए बताया कि एनआरआई समूह सदस्यों पर रख्शां जाहिद द्वारा पिछले कुछ महीनो से लगातार बेगम्स ऑफ भोपाल ग्रुप(परी बाजार) में फंडिंग करने का दबाव बनाया जा रहा था। इसका विरोध करते हुए एनआरआई समूह सदस्यों ने रख्शां जाहिद को यूके एनआरआई चैप्टर की सदस्यता से हटा दिया। जिसके चलते रख्शां और उनके पति एवं अन्य साथी ने एनआरआई सदस्यों को धमकाने, डराने और जान से मारने की धमकी के साथ इन्वेस्टर समिट में जाने से रोकने की कोशिश की। इस संबंध में आबिद फारूकी और उनके एनआरआई समहू सदस्यों ने मिलकर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई हैं। बताया जाता है कि पुलिस ने जाँच के बाद रख्शां जाहिद उनके पति ज़ाहिद अनवर और ताबिश खान पर आईपीसी धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### राजधानी में ट्रेनों में से चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही

# बुजुर्ग महिला का ट्रेन में सफर के दौरान चोरी गया पर्स, कईयों का सामान पार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। ओवरनाइट एक्सप्रेस में सफर कर रही बुजुर्ग महिला यात्री का अज्ञात बदमाश ने पर्स चुरा लिया।

चोरी गए पर्स में नगदी समेत चालीस हजार रुपए का सामान चोरी हुआ है। इसी प्रकार अन्य ट्रेनों में भी चोरी की वारदातें हुई है। जीआरपी कमला पति ने बताया कि 62 साल की सुष्मा शर्मा पति घनश्याम शर्मा, काकड़ा अभिनव होम्स, भोपाल में रहती है। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि पति के साथ वह ओवरनाइट एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही थी। उन्हें मदन महल से इंदौर तक यात्रा करनी थी।

सफर के दौरान उन्होंने अपना लेडिज पर्स सीट पर रख दिया और सो गई। सुबह करीब साढ़े 4 बजे उनकी नींद खुली और उन्होंने कैबिन की लाइट शुरू की। इस दौरान देखा तो पास रखा पर्स नहीं था। उस समय ट्रेन रेलवे स्टेशन मंडदीप निकली थी। पर्स में 4 हजार रुपए, एटीएम कार्ड



(एबीआई बैंक का) आधार कार्ड, पैन कार्ड घर की चाबियां, एक जोड़ कान के टॉप्स समेत 40 हजार रुपए का सामान नहीं था।

#### झेलम एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी

इधर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भरतपुर, राजस्थान निवासी निवासी शिव कुमार (36) ने शिकायत करते हुए बताया कि वह परिवार के साथ झेलम एक्स में मथुरा से कोपरगांव की यात्रा कर रहे थे। उनके साथ भाई नितिन और पत्नी श्रृद्धा थी।

यात्रा के दौरान पत्नी श्रृद्धा बेस बर्थ पर सो गई। उन्होंने पत्नी का लेडिज पर्स अपने पास बर्थ पर रखा और सो गए। सुबह करीब 6 बजे पत्नी की नींद खुली तो बर्थ पर रखा पर्स नहीं था।

पर्स में मोबाइल और छह हजार रुपए की नगदी थी, जो अज्ञात चोर चुराकर ले गया। पर्स की आसपास तलाश की, पर कुछ नहीं पता चला इसके बाद जीआरपी कमला पति में शिकायत दर्ज कराई।

#### हरिद्वार एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस से 90 हजार रुपए का पर्स चोरी

भोपाल जीआरपी ने बताया कि भोपाल निवासी शालिनी बागड़े हरिद्वार एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में पति किशोर बागड़े के साथ नासिक से भोपाल की यात्रा कर रही थी। ट्रेन भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म न. 3 पर रात करीब पौने 9 बजे पहुंची।

हम लोग ट्रेन से उतर कर स्टेशन से बाहर पुराने ब्रिज से प्लेटफार्म नंबर-1 की तरफ से बाहर आ रहे थे। तभी एक्सलेटर से नीचे उतरने के बाद अपना लेडीज पर्स चेक किया तो उसकी चेन खुली हुई थी।

पर्स में रखा एक प्लास्टिक का छोटा डिब्बा नहीं था। डिब्बे में उनका सोने का मंगलसूत्र व दो सोने की चूड़िया थी। जिनकी कीमत एक लाख रुपए के आसपास होगी। कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

#### यात्री का डेढ़ लाख रुपए का मोबाइल झपटा, किया पथराव

इधर राजस्थान निवासी चुन्नी लाल चौधरी (24) ने शिकायत करते हुए बताया कि वह रोडाखोल उड़ीसा से जोधपुर एक्सप्रेस में जनरल कोच में सफर कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन में ट्रेन प्लेटफार्म पर अंदर प्रवेश होते समय धीमी गति से चल रही थी। चुन्नी लाल गेट पर खड़े होकर मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान 3-4 युवक रेलवे ट्रेके के पास में खड़े नजर आए। उनमें से एक युवक ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया।

उन्होंने शोर किया तो युवक के साथ खड़े तीन युवकों ने पथराव कर दिया। उस समय रात के 9 बज रहे थे। रात होने और ट्रेन चलने के कारण वह उनका पीछा नहीं कर सके। का समय होने के कारण पीछा नहीं किया। उन्होंने बातया कि झपटे गए मोबाइल की कीमत डेढ़ लाख रुपए है।

## घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म किया शादी के बाद भी बनाए संबंध

**फोटो वायरल करने की धमकी देकर कर रहा था दैहिक शोषण**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया पुलिस ने इलाके में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर निगरानी बदमाश पर बलात्कार का मामला दर्ज किया है। आरोपी करीब तीन साल से युवती को धमकी देकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। युवती ने शादी कर ली तो आरोपी उसे फोटो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। आरोपी से परेशान होकर युवती ने बागसेवनिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है। पुलिस के अनुसार 21 साल की युवती इलाके में रहती है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि तीन साल पहले वह पढ़ाई करते समय उसकी पहचान अजय उईके से हुई थी। अजय स्कूल के सामने आया करता था। वहीं से दोनों की दोस्ती हो गई। दोस्ती होने के बाद दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पहली बार अजय ने होटल में युवती से दुष्कर्म किया था। इसके बाद वह उसके घर जाकर उससे शारीरिक संबंध बनाने लगा। कुछ समय पहले युवती की शादी हो गई। शादी के बाद भी आरोपी की हरकत नहीं सुधरी। आरोपी युवती को मिलने का दबाव बनाने लगा। युवती ने मिलने से मना किया तो वह पुराने फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा।



#### कांग्रेस ने प्रदर्शन कर मनाई होली, केस दर्ज

**भोपाल।** अशोका गार्डन स्थित प्रभात पर बुधवार सुबह कांग्रेसियों ने राज्य सरकार की कर्ज नीति के विरोध में रंगपंचमी की जगह कर्ज पंचमी मनाई। इस दौरान विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बैनर व तख्तियां लिए कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और वहां से गुजर रहे लोगों को गुलाल लगाकर कर्ज पंचमी की बधाई दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। हालांकि प्रदर्शन के दौरान प्रभात चौराहे पर यातायात पूरी तरह अवरूद्ध नहीं हुआ था, लेकिन कुछ वाहनों को वहां से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने आंदोलनकारियों को समझाइश देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। अशोका गार्डन पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन करने पर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला, ताहिर अली, फैजान, बिलाल व अन्य करीब 30-40 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## कोर्ट में गवाही पक्ष में देने और समझौता करने बना रहे दबाव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह हिल्स में कोर्ट में गवाही पेशी से पूर्व महिला पर दबाव बनाने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित करने पर उसने पुलिस को शिकायत की थी। अब कोर्ट में केस चल रहा है। पेशी से पूर्व आरोपी महिला उसे धमकी दे रहे है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को अगवा करने की धमकी दे रहा है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी खुद को अधिवक्ता बताता है।

पुलिस के अनुसार ब्राईट कॉलोनी ईदगाह हिल्स निवासी 45 साल की महिला गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि इलाके में रहने वाले माजिद की बहन तबस्सुम के खिलाफ उन्होंने धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत दर्ज कराई थी। प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन है। 24 मार्च को गवाही पेशी होनी है। जिसके लिए माजिद के भाई-बहन उक्त प्रकरण में समझौता करने के लिए जुलाई 2024 से प्रताड़ित कर रहे हैं। मना करने पर उसकी मम्मी, बेटी को धमकियां दी जा रही हैं। इसकी शिकायत वह पूर्व में शाहजहांनाबाद थाना, सीएम हेल्प लाइन में कर चुकी है। लेकिन, माजिद के खिलाफ कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई। आए रोज वह घर पहुंचकर धमकी दे रहा है। तीन दिन पहले रात में माजिद उसके घर पर आकर उससे लड़ाई-झगड़ा करने लगा। धमकाते हुए बोला कि अगर 24 मार्च को कोर्ट गई तो मेरे भाई-बहन तेरी मम्मी व बेटी को जान से मार देंगे। तब उसने डायल-100 को बुला लिया था। पुलिस के पहुंचने से पहले भाग गया। दीवार कूदकर घर में घुसा महिला ने दावा किया कि माजिद उसके घर की दीवार कूदकर कभी भी अंदर आ जाता है। आए रोज वह घर आकर परेशान कर रहा है। पुलिस भी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में माजिद उस पर लगातार धर्म परिवर्तन कर निकाह कर अपने साथ रहने का दबाव बना रहा है।




**मेट्रो एंकर** श्यामला हिल्स क्षेत्र का मामला

## आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित मानस भवन के पीछे आदिवासी मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि उसने यह कदम आर्थिक तंगी से परेशान होकर उठाया है। पुलिस के अनुसार बिशन पिता आरमा (28) आदिवासी मोहल्ला, मानस भवन के पीछे रहता था और फाल सीलिंग का काम करता था। मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात करीब सवा 12 बजे बिशन अपने घर के बाथरूम में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। बिशन पांच भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी एक बहन है। परिजन बिशन की शादी के लिए वधु की तलाश कर रहे थे, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण बिशन शादी के लिए तैयार नहीं हो



#### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित आदिवासी मोहल्ला खजूरी गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह सीहोर से अपने मामा के घर खजूरी गांव आया था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। तीन चार बार परीक्षा भी दी, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इससे वह तनाव में रहने लगा था। तीन चार बार दे चुका था परीक्षा, सफल नहीं होने से था तनाव पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी रतन सिंह परिकांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर मनाई कर्ज पंहार ने बताया कि मनीष चौधरी पिता मोहन चौधरी (24) खजूरी कलां गांव में अपने मामा थान सिंह के साथ रहता था।

#### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी बंगला इलाके में बुधवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बाला प्रसाद अहिरवार (29) मूलतः परवलिया सड़क इलाके का रहने वाला था। वह पत्नी और बच्चों के साथ भौंरी बंगला में किराए से रह रहा था और मजदूरी करता था। बुधवार सुबह करीब सवा 11 बजे बाला प्रसाद अहिरवार ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही पत्नी ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाला प्रसाद का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। कमरे की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022